

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 12 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-014 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अपहरण और बलात्कार का आरोपी फरार

**बलौदाबाजार,12 अप्रैल।** जिले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है. यहां अपहरण व बलात्कार के आरोपी को पुलिस जेल में दाखिल करने जा रही थी, इस दौरान हथकड़ी से बंधा आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. आरोपी के फरार होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भाटापारा ग्रामीण थाने में नाबालिग के अपहरण बलात्कार का मामला दर्ज है. इस मामले में आरोपी आशुतोष उर्फ सोनू निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से उसे जेल दाखिल करने बलौदाबाजार उपजेल लाया गया. जेल दाखिल करने के पूर्व समय हथकड़ी निकालकर सामने में बिठा कर रखे थे, तभी आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है. यह घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है. फ़िलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है.

### पटना एयरपोर्ट पर बम की खबर से हड़कंप

**पटना,12 अप्रैल।** जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर बुधवार को बम की धमकी का फोन आया। धमकी पर कार्रवाई करते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बम निरोधक दस्ते को बुलाया। एयरपोर्ट पर सघन तलाशी अभियान जारी है। पटना हवाईअड्डे के निदेशक ने कहा कि पटना हवाईअड्डे पर बम की धमकी का फोन आया था। सूचना के आधार पर हवाईअड्डा बम खतरा आकलन समिति ने कॉल को विशिष्ट नहीं पाया।

# बिरनपुर में बाहरी दखल पर रोक

## सरपंच बोले- दोनों पक्षों में शांति और सुलह की कोशिशें

**बेमेतरा,12 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में दो बच्चों की लड़ाई से उपजे विवाद ने अब तक 3 लोगों की जान ले ली है. ऐसे में गांव सहमा हुआ है. इन सबके बीच बिरनपुर ग्राम पंचायत के सरपंच ने बाहरी दखल पर नाराजगी जताई है. उन्होंने कहा कि झगड़े के बाद उपजे हालात में दोनों पक्षों के बीच आपस में बैठकर शांति और सुलह की कोशिशें की जा रही हैं. ऐसे में बाहरी लोगों को उनके गांवों में अशांति और भगदड़ नहीं करनी चाहिए. बाहर के लोग गांव के मामले में दखल न दें. वहीं ग्राम पंचायत बिरनपुर के सरपंच जेठूराम साहू ने गांव में शांति-व्यवस्था के लिए लोगों से सहयोग का निवेदन और अपील की है. साथ ही लोगों को चेताया है कि गांव के मामले में बाहरी दखल न दें. इससे लोगों में दहशत का माहौल है. गांव में शांति व्यवस्था कायम करने की बात कही है.दरअसल, वारदात के पांचवे दिन भी बेमेतरा क्षेत्र में तनाव की स्थिति है. बिरनपुर से 15 किलोमीटर पहले साजा में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है. जिले में 13 कंपनियों के फोर्स लगाए गए हैं. पूरे जिले में धारा 144 प्रभावी है. साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी. इसके अलावा वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस उपद्रवियों की पहचान करेगी और कार्रवाई करेगी. इसके अलावा गांव में किसी भी अनजान व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध है. पूरे जिले में धरना प्रदर्शन और अन्य सार्वजनिक भीड़ इक्ठा होने वाले कार्यों पर प्रतिबंध है. बेमेतरा के बिरनपुर में बिगड़े हालात पर जिला प्रशासन ने समस्त समाज प्रमुखों को और मीडिया कर्मियों को बुलाकर बैठक आहूत की है, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम हो सके. वहीं ग्राम पंचायत बिरनपुर के सरपंच जेठूराम साहू ने गांव में शांति-व्यवस्था के लिए लोगों से सहयोग का निवेदन और अपील की है.

# जेलेंस्की ने मोदी से किया मानवीय सहायता का अनुरोध

**यूक्रेन,12 अप्रैल।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत के हस्तक्षेप की मांग की और चिकित्सा उपकरणों सहित अतिरिक्त मानवीय सहायता का अनुरोध किया। भारत की चार दिवसीय यात्रा के दौरान केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी को यूक्रेन की उप विदेश मंत्री एमाइन दझापरोवा ने यह पत्र सौंपा था। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हित के द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि यूक्रेन को बढ़ी हुई मानवीय सहायता का आश्वासन दिया गया है। झापरोवा ने बैठक को फलदायी बताया। अपनी यात्रा के दौरान जापारोवा ने भारत के साथ मजबूत और करीबी संबंध बनाने की यूक्रेन की इच्छा को रेखांकित किया। इसमें कहा गया है कि जापारोवा की यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगी। लेखी-जापारोवा की बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने कहा कि आपसी हितों से जुड़े विविध द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम राष्ट्रपति जेलेंस्की का पत्र उन्हें सौंपा। यूक्रेन की प्रथम उप विदेश मंत्री एमिन जापारोवा ने मंगलवार को कहा कि रूस के साथ खड़े होने का अर्थ इतिहास के गलत पक्ष के साथ होना है और उनका देश भारत के साथ घनिष्ठ संबंध चाहता है। जापारोवा ने यहां एक प्रमुख 'थिंक-टैंक' को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ यूक्रेन के संबंध भारतीय हितों के खिलाफ नहीं हैं और पाकिस्तान के साथ उनके देश के सैन्य संबंध करीब तीन दशक पहले शुरू हुए थे। उप विदेश मंत्री ने यूक्रेन में युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि भारत एक वैश्विक नेता और जी-20 के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

# भाजपा ने की न्यायिक जांच की मांग

**रायपुर,12 अप्रैल।** बिरनपुर की घटना को लेकर बीजेपी ने न्यायिक जांच की मांग की है. बीजेपी के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बिरनपुर की घटना पर कमिश्नर जांच में रिपोर्ट में क्या आएगा, यह तो पहले से पता है. कांग्रेस को इसकी न्यायिक जांच करानी चाहिए, क्योंकि छत्तीसगढ़ में ऐसी घटना पहली बार हुई है. अजय चंद्राकर ने बिरनपुर घटना को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रायपुर के बैजनाथ पारा में एक व्यक्ति पुलिस वाले को धमका रहा है. छत्तीसगढ़ में साढ़े चार साल में जमीन के जो सौदे हुए हैं, यहां कितने लोगों का आना हुआ है, वो कौन हैं, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यहां साम्प्रदायिक मामले बढ़ रहे हैं. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रियंका के आने से परिवर्तन होगा, यह मन बहलाने के लिए कांग्रेस के लोग कह रहे हैं. उनके नेतृत्व में यूपी में चुनाव लड़ा गया, वहां सीटें कम हो गयी. यूपी में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा दिया था. अब देखना होगा छत्तीसगढ़ में जो दुष्कर्म हो रहे हैं, उसके लिए प्रियंका गांधी क्या स्लोगन देती हैं. उनका स्लोगन आया तो मामला खत्म है. मुख्यमंत्री विश्वास खो चुके हैं. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बस्तर दौरे पर कहा कि हमारा सामाजिक न्याय पखवाड़ा चल रहा है वो प्रियंका के आने से पहले घोषित हो चुका था. इसमें मुकाबले की बात नहीं है. वो जो कार्यक्रम है, सरकार द्वारा प्रायोजित है. एक सीईओ का लेटर भी वायरल हुआ है.



# भाजपा ने आग में पेट्रोल डालने का किया काम : भूपेश बघेल

**रायपुर 12 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बेमेतरा के बिरनपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद अब सरकार एक्शन मोड़ पर है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना को लेकर बीजेपी को आड़े हाथों लिया है। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर बीजेपी पर आरोप लगाया है कि भाजपा ने इस पूरे घटना की आग में पेट्रोल डालने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एक बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि इस घटना के संदर्भ में जितने भी सोशल मीडिया पोस्ट हुए हैं, उन सभी पोस्ट की जांच हो रही है। किसने सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले पोस्ट किये है, उनका उद्देश्य क्या था ? सारे बिंदुओं पर जांच होगी। मुख्यमंत्री ने इस घटना को लेकर साफ संकेत दिये हैं कि घटना के पीछे कोई कितना भी बड़ा आदमी क्यों ना हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने हैलीपेड पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा की हमेशा से मास्टरी सांप्रदायिकता और धर्मांतरण की रही है। भाजपा आग में हमेशा पेट्रोल डालने का करती है। उन्हें जैसे ही बेमेतरा में मौका मिला, वहां उन्होंने आग लगाने की कोशिश की। उन्होंने शांति की अपील नही की, उन्होंने जांच की मांग नहीं रखी, पीड़ित परिवार के पक्ष में आवाज नहीं उठायी, बल्कि आग में पेट्रोल डालने का काम किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कानून का राज है, कानून के तहत कार्रवाई होगी और जो भी दोषी होगा, उनके खिलाफ जरूर कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश की उन्नति से कोई लेना नहीं है, उन्हें प्रदेश के विकास में कोई रूचि नहीं है, वो बस अपने स्वार्थ में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक पार्टी जांच करने जाती है, तो 4-5 लोग प्रमुख तौर पर जाते हैं, लेकिन बेमेतरा में सैंकड़ों की संख्या वहां पहुंच गये, क्योंकि उनका मकसद कुछ और था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग बेमेतरा गये थे, तो वहां की रिपोर्ट लेकर राज्यपाल से मिलते, मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया, बल्कि उन्होंने लोगों को भड़काया। मुख्यमंत्री ने पूछा, कि, क्या भाजपा वाले पूरे प्रदेश को जलाना चाहते थे।

# मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना का करेंगे शुभारंभ

**रायपुर,12 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 अप्रैल को बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित 'भरोसे के सम्मेलन' में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के तहत आदिवासी पर्व एवं त्यौहारों के गरिमामय आयोजन के लिए राज्य शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को अनुदान दिया जाएगा। योजना के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल बस्तर संभाग की 1840 ग्राम पंचायतों को प्रथम किश्त के रूप में 5-5 हजार रूपए की राशि जारी करेंगे। 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' के तहत अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों में जनजातियों के उत्सवों, त्यौहारों के मेला, मड़ई, जात्रा पर्व, सरना पूजा, देवगुड़ी, नवाखाई, छेरछेरा, अक्ती, हरेली आदि उत्सवों, त्यौहारों, संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष 10,000 रूपए की अनुदान राशि दो किश्तों में जारी की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज की संस्कृति और पर्वों की परम्परा के संरक्षण के लिए 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' की घोषणा की थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में इस योजना के लिए 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। यह योजना छत्तीसगढ़ के समस्त अनुसूचित क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति विकासखण्ड) में लागू होगी।



# लोहा कारखाना में आग

**रायपुर,12 अप्रैल।** राजधानी के इंडस्ट्रियल एरिया उरला के ओखली गांव में मौजूद यशोदा नंदन कंपनी में भीषण आग लग गई है. घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है. हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुई है. जानकारी के अनुसार ये कंपनी स्क्रैप को गलाकर लोहा बनाने का काम करती है. हालांकि, आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है.

# मिट्टी में मिला दिया हमें, योगी सरकार की सख्ती पर गिड़गिड़ाया डॉन अतीक अहमद

**लखनऊ,12 अप्रैल।**

गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद ने बुधवार को दावा किया कि गुजरात के साबरमती केंद्रीय कारागर में उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। उसने यह भी दावा किया कि उसका परिवार तो बर्बाद हो गया, लेकिन मीडिया की वजह से वह सुरक्षित है। उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में अतीक को गुजरात के अहमदाबाद शहर में उच्च सुरक्षा वाली साबरमती सेंट्रल जेल से साथ लेकर मंगलवार को सड़क मार्ग से प्रयागराज के लिए रवाना हुई। टीम सुबह पौने सात बजे के आसपास मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के सुरवाया पुलिस थाने में करीब 20 मिनट के लिए रुकी, जहां मीडियाकर्मियों ने अतीक से सवाल पूछे। उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक और लोकसभा सदस्य अतीक (60) ने संवाददाताओं से कहा, मेरा परिवार बर्बाद हो गया है। मैं आपकी वजह से सुरक्षित हूं। बाद में झांसी पहुंचकर उसने कहा कि उसके परिवार को मिट्टी में मिला दिया गया है। उसका इशारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान की ओर था जिसमें उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।उसने कहा, मैंने वहां (जेल के अंदर) से किसी को फोन नहीं किया, क्योंकि वहां जैमर लगाए गए हैं। मैंने कोई साजिश नहीं रची और पिछले छह साल से सलाखों के पीछे हूं। जब पत्रकारों ने उससे पूछा कि सरकार ने कहा है कि उसे तबाह कर दिया जाएगा, तो अतीक ने कहा, उन्होंने मुझे पहले ही तबाह कर दिया है। मुझे साबरमती जेल में भी परेशान किया जा रहा है। बुधवार को अहमद को प्रयागराज ले जा रहा पुलिस का काफिला सुबह पौने आठ बजे के आसपास झांसी से उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल हुआ। बता दें कि इससे पहले, अहमद को 26 मार्च को भी इसी रास्ते से प्रयागराज ले जाया गया था और उस समय भी पुलिस का काफिला शिवपुरी जिले में रुका था। उस समय जब मीडियाकर्मियों ने अतीक से सवाल किया था कि क्या उसे अपनी जान का डर है, तो उसने कहा था, काहे का डर। उमेश पाल और उसके दो पुलिस सुरक्षा गार्डों की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को अतीक, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों-गुड्डू मुस्लिम और गुलाम तथा नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# उइगर मुस्लिमों के रोजे पर चीन का बैन

**बीजिंग,12 अप्रैल।** दुनिया भर के मुसलमान रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ ही रोजा रखने लगे हैं। चीन के मुसलमानों को रोजा रखने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है और उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। चीनी पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए जासूसों का उपयोग कर रही है कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान उइगर मुसलमान उपवास नहीं कर रहे हैं। जिसमें उनके अपने जातीय समूह के सदस्य भी शामिल हैं। पूर्वी झिंजियांग उइघुर स्वायत्त क्षेत्र में तुर्पन या चीनी में तुलुफान के पास एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि जासूस चीनी अधिकारी कान कहते हैं और आम नागरिक, पुलिस अधिकारी और समितियों के सदस्यों से चुने गए हैं। अधिकारियों के अनुसार तुरपन में पुलिस स्टेशनों ने प्रत्येक गांव से दो या तीन जासूसों को रहवासियों की जासूरसी के लिए चुना है, जिन्हें पहले रमजान के दौरान रोजा रखने के लिए हिरासत में लिया गया था। जासूस जेल से रिहा हुए लोगों पर भी नजर रख रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने आरएफए को बताया कि ये कान तीन क्षेत्रों से है, आम नागरिक, पुलिस और समितियां। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मेरे वर्कप्लेस पर 70 से 80 उइगर पुलिसकर्मी हैं जो या तो सीधे कान के रूप में काम करते हैं या अन्य जासूसों का नेतृत्व करते हैं। चीन ने 2017 में रमजान के दौरान शिनजियांग में मुसलमानों के उपवास पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया, जब उइगर संस्कृति, भाषा और धर्म को कम करने के बड़े प्रयासों के बीच अधिकारियों ने मनमाने ढंग से उइगरों को ÷पुनः शिक्षा÷ शिविरों में बंद करना शुरू कर दिया। 2021 और 2022 में प्रतिबंध में आंशिक रूप से ढील दी गई थी, जिससे 65 से अधिक लोगों को उपवास करने की अनुमति मिली, और पुलिस ने घरों की तलाशी और सड़क पर गश्त गतिविधियों की संख्या कम कर दी।

**रोलबॉल: विश्वकप पुणे में आगामी 21 से 26 अप्रैल 2023 तक खेला जाएगा** jasclaudius@gmail.com

# साकार हो रहा एक भारतीय का सपना

**✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

खेलों की दुनिया बहुत विशाल है। मनोरंजन के लिए खेले जाने के कारण खेलकूद की छाप मनुष्य के जीवन में गहरी होती चली गई। वर्तमान युग में मानव जाति अधिक से अधिक आनंद के साथ जिंदगी बिताने का प्रयास करती है। इसमें ना तो उन्हें धन की चिंता होती है ना ही शारीरिक रूप से चोट लगने का भय होता है। 20 वीं सदी के आखिरी दशक से लेकर 21वीं सदी के पहले दशक तक खेलकूद के संसार में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। प्रत्येक खेल के रफ्तार को बढ़ाने या निर्धारित समय में रोमांचक ढंग से समापन कराने के लिए नियम कानून या स्कोरिंग पद्धति में परिवर्तन लाये गये। टेबल टेनिस, बैडमिंटन, व्हालीबॉल, क्रिकेट, शतंरज, हाकी आदि खेलों के प्रति आम दर्शक,खेलप्रेमियों का लगाव बढ़ाने के प्रयास को अंतर्राष्ट्रीय खेल फेडरेशन से लेकर खेलों के राष्ट्रीय खेल संघों ने अपनी सहमति दी। नये खेलों को मान्यता प्रदान की गई है। ऐसे ही खेलकूद में एक रोलबॉल को 21वीं सदी में निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके मैच के दौरान खिलाड़ी लगातार खेल क्षेत्र के एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक आक्रमण/बचाव करने की कोशिश में दौड़ते भागते रहते हैं। रोलबॉल का खेल हैंडबॉल, थ्रोबॉल, स्केट्स और बास्केटबॉल खेल से बना हुआ खेल है। गेंद, रोलर स्केट्स,पेड, हेलमेट जरूरत पड़ने पर बाडी की सुरक्षा कवच के रूप में अन्य उपकरण की आवश्यकता होती है। इस खेल के लिए सतह कड़ी का होना अनिवार्य है। इस खेल का अविष्कार करने का श्रेय पुणे (भारत) के क्रीड़ा शिक्षक राजू दाभाडे को जाता है। किसी बास्केटबॉल मैच के दौरान उन्हें लगा कि स्केट्स पहनकर इस तरह का नया खेल बनाया जा सकता



है।जिसमें खिलाड़ी स्केटिंग करते हुए गेंद को गोलपोस्ट में डालेगा। आखिरकार भारत के महान खेल विशेषज्ञ राजू दाभाडे ने रोलबॉल नाम से पूरी दुनिया के सामने नये खेल को प्रस्तुत किया। राजू ने इस खेल के नियम बनाये और पुणे में 2005 में पहली बार रोलबॉल खेल के मैच को मैदान में उपस्थित दर्शकों, खेल के प्रति लगाव रखने वाले युवाओं तथा खेल प्रेमियों के समक्ष दिखलाया। राजू दाभाडे की मेहनत रंग लाई और भारत में उत्पन्न खेलों में एक और रोलबॉल का नाम शामिल हो गया है। राजू एक जुझारू और मजबूत इच्छा शक्ति के प्रतीक व्यक्तित्व निकले उन्होंने रोलबॉल को पहले महाराष्ट्र फिर हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में शुरू करवाया। रोलबॉल को केंद्र सरकार और कई राज्यों की सरकारों ने मान्यता प्रदान की है। रोलबॉल के लिए स्वयं का धन, अपने जीवन का कीमती समय सब कुछ दांव पर लगाकर राजू ने इस खेल को विश्व खेल मंच पर प्रस्तुत किया। उनके प्रयासों की बदौलत यह खेल आज दुनिया के 60 से 70 देशों में खेला जा रहा है। इस खेल के जन्मदाता दाभाडे की कोशिश ने भारत का नाम पूरे जगत में रोशन किया है। रोलबॉल को प्रसिद्धि दिलाने के लिए उनके प्रयास ने सफलता पाई और इस खेल का नया विश्वकप संस्करण पुणे में आगामी 21 से 26 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है। इसके पूर्व पहली विश्वकप स्पर्धा भारत में 2011 में दूसरी नैरोबी, केन्या में 2013 में तीसरी, 2015 में पुणे,भारत में जबकि चौथी 2017 में बांग्लादेश में संपन्न हुई।विश्वकप चैंपियनशिप का खिताब अब तक क्रमशः डेनमार्क, ईरान, भारत, ईरान और पुरुष वर्ग में भारत तथा महिला वर्ग में भारत की टीम ने जीता है। इस तरह रोलबॉल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़े एक सच्चे राष्ट्रभक्त और खेलों के लिए समर्पित राजू दाभाडे का सपना धीरे-धीरे पूरा होते जा रहा है। इससे सभी भारतीयों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है।

# रक्षा व्यय में भ्रष्टाचार बहुत कम हो गया है: राजनाथ

**नई दिल्ली,12 अप्रैल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज दिल्ली में रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षा को मोटे तौर पर आंतरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा में वर्गीकृत किया गया है। बाहरी सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्य रूप से देश के रक्षा बलों के पास होती है। दो से तीन हजार साल पहले भी, रक्षा वित्त हमेशा शासन कला का एक अभिन्न अंग रहा है। अर्थशास्त्र अपने रखरखाव के लिए मजबूत वित्त पर सेना की निर्भरता का उल्लेख करता है। चंद्रगुप्त मौर्य और अशोक के समय में विशाल स्थायी सेनाएँ बनी हुई थीं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जहां भी एक परिपक्व राज्य प्रणाली है, रक्षा व्यय के विवेकपूर्ण प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए एक कानूनी और प्रक्रियात्मक रक्षा-वित्त ढांचा पहले से ही अंतर्निहित है। राजनाथ ने कहा कि मुझे बताया गया है कि ऐसे अध्ययन हैं कि रक्षा वित्त की एक मजबूत प्रणाली से रक्षा व्यय में भ्रष्टाचार और बर्बादी बहुत कम हो गई है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा रक्षा जरूरतों पर खर्च किए गए धन के मूल्य को अधिकतम करने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, रक्षा प्लेटफार्मों की खरीद के मामले में, या तो पूंजी या राजस्व मार्ग के तहत, खुली निविदा के स्वर्ण मानक को यथासंभव सीमा तक अपनाया जाना चाहिए। एक प्रतिस्पर्धी बोली आधारित खरीद प्रक्रिया, जो सभी के लिए खुली है, खर्च किए जा रहे सार्वजनिक धन के पूर्ण मूल्य का एहसास करने का सबसे अच्छा तरीका है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि बेशक, ऐसे दुर्लभ मामले होंगे जब खुली निविदा प्रक्रिया के लिए जाना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा पूंजी और राजस्व खरीद की एक निष्पक्ष, पारदर्शी और ईमानदार प्रणाली के लिए, हमारे पास व्यापक ब्लू बुक्स होनी चाहिए, जो रक्षा उपकरणों और प्रणाली की खरीद के नियमों और प्रक्रियाओं को संहिताबद्ध करे। उन्होंने कहा कि लेखा परीक्षकों की भूमिका प्रहरी की होती है। भारत में, बाहरी ऑडिट भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा किया जाता है। एक स्वतंत्र आंतरिक ऑडिट तंत्र भी भारत में रक्षा वित्त प्रणाली का एक हिस्सा है।



## एक नजर



### वाहन की तलाशी लेने पर मिला गांजा

**भिलाई,12 अप्रैल।** स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने मंगलवार को एक वाहन के साथ पकड़ा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गांजा बरामद किया गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबीर के बताये हुलिये के व्यक्ति टीवीएस ज्युपीटर में कोहका तरफ से आते दिखा। जिसे रोककर तलाशी देने पर वाहन के सीट के नीचे डिग्गी में दो प्लास्टिक थैले में रखा गांजा जैसा मादक पदार्थ मिला आरोपी पप्पू पाल उर्फ कमलेश पाल( 30 वर्ष ) निवासी कैलाश नगर दुर्ग के कब्जे से 50-50 ग्राम का गांजा बरामद किया गया।

### अवैध शराब बेचते दो पकड़ाए

**भिलाई,12 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र स्टेशन मरोदा में तालाब के पास थैले में रखकर अवैध रुप से शराब बेचते दो युवकों को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया है दोनों आरोपियों के कब्जे से 100 पौवा देशी प्लेन शराब व 500 रुपए नगद जब्त किया है 7 आरोपी धर्मेन्द्र खाण्डेकर उर्फ घोचू ( 20 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा बजरंग पारा के पास 48 पौवा प्लेन शराब एवं शराब ब्रिकी रकम 200 रु. नगद तथा आरोपी कमल कुमार जागडे(30 साल) निवासी स्टेशन मरोदा के कब्जे से 52 पौवा देशी प्लेन शराब एवं शराब बिक्री रकम 300 रू मिला दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### सूने मकान से हजारों की चोरी

**भिलाई,12 अप्रैल।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने घर में रखे गहनों, नगद व सूटकेस सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप-2 शारदापारा निवासी ईश्वर वर्मा (24 वर्ष) बीएसपी प्लांट में मजदूरी का काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 अप्रैल की रात 8 बजे बांउड्री वाल एवं दो रूम में ताला लगाकर नाइट शिफ्ट ड्यूटी पर गया था। अगले दिन सुबह 6 बजे घर आया तो देखा घर की बाउड्रीवाल एवं दोनों कमरो का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो घर में रखा एक प्लास्टिक का सूटकेश नहीं था। सूटकेश में रखे 2 नग सोने का लॉकेट वजनी करीब 3 ग्राम,3 नग चांदी का सिक्का वजनी करीब 25 ग्राम, 3 नग चांदी की अंगूठी वजनी करीब 10 ग्राम,नगद 15000 रूपए एवं ओरिजन पेन कार्ड, भारतीय स्टेट बैक का पासबुक, कक्षा पहली से 11 वीं तक की मार्कशीट, मोटर साइकिल का आर सी बुक नहीं था। घर में रखे 2 नग इंडियन कंपनी का एक भरा एवं एक खाली सिलेंडर भी गायब था। कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोडकर घर अंदर घुसकर सूटकेस सहित उक्त सामान को चोरी कर ले गया था।

### सिपाही संदिग्ध परिस्थिति में मौत



**भिलाई,12 अप्रैल।** भिलाई पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ एक सिपाही की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सिपाही दो दिन पहले अपने घर से निकला था और पुलिस लाइन के पीछे स्थित तालाब में उसकी लाश मिली। लाश सड़ चुकी है और शव को देखने पर उसमें कोई चोट नहीं नजर. आ रहा है पद्मनाभपुर पुलिस ने शव को चीरघर भिजवाया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा पद्मनाभपुर पुलिस ने मामले पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पुलिस लाइन आनंद नगर निवासी सिपाही अक्षय कुमार नागरे ( 31 ) पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ था। वो दो दिन पहले रविवार, को लोवर और टी शर्ट में घर से निकला था और वापस घर नहीं लौटा था परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की थी कोई जानकारी न मिलने पर पद्मनाभपुर थाना पुलिस लाइन आनंद नगर के पीछे स्थित तालाब में उसकी लाश मिली तालाब के किनारे ही उसका मोबाइल भी पड़ा मिला जिससे उसकी पहचान हुई अभी तक मौत का कारणस्पष्ट नहीं है पानी में डूबे रहने के कारण लाश सड़ चुकी है ।

और शरीर पर किसी प्रकार का चोट भी नहीं मिला है पद्मनाभपुर टीआई राजीव तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं परिवार वाले भी कोई संदेह नहीं जता रहे हैं पोस्टमार्टम में ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा पुलिस ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा मौत का कारण पुलिस लाइन में पदस्थ एक सिपाही के गुमशुदगी का केस दर्ज कराया गया था

**निधन**

### अर्पण दुबे



भिलाई, 12 अप्रैल। विवेकानंद नगर निवासी एंजिल्स स्कूल की प्राचार्य सुश्री अर्चना दुबे के 34 वर्षीय पुत्र अर्पण दुबे का गत 11 अप्रैल को सुबह अकस्मात निधन हो गया है। कल 12 अप्रैल को सुबह 9 बजे उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकली और अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट में किया गया। अर्पण स्व. आलोक दुबे के पुत्र थे। स्व. बसंत कुमार तिवारी एवं स्व. सरला तिवारी के नाती और प्रशान्त तिवारी के भांजे थे।

# सोशल मीडिया से अफवाह एवं भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों पर रखी जा रही कड़ी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,12 अप्रैल।** कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने जिले में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए जिलेवासियों से ÷अपील÷ की हैं। कलेक्टर ने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आज शाम कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर अवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी प्रवेश मार्गो, संवेदनशील क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने एवं लागातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और संबंधित थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद कलेक्टर एवं एसपी ने संयुक्त रूप से मीडिया से चर्चा कर जिले में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए जिलेवासियों से अपील की है। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, समस्त एसडीएम विशेष रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि कबीरधाम जिले की सीमावर्ती जिला बेमेतरा के ग्राम बिरनपुर में हुई घटना को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट है। उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में ना आने, अफवाहों से बचने, फेक वीडियो, फेक फोटो या किसी भी तरह के भड़काऊ पोस्ट जिससे किसी भी धार्मिक आस्था या व्यक्ति की छवि धूमिल हो सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट करने से बचना चाहिए। कलेक्टर ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्रकार जैसे व्हाट्सअप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम एवं अन्य प्रचलित सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित होने वाली भ्रामक जानकारी एवं अपुष्ट खबरो से बचने की अपील की। उन्होंने मीडिया के साथियों से आग्रह करते हुए कहा है कि समसामायिक घटना से संबंद्ध किसी भी प्रकार की अपडेटेड खबरों को संबंधित अधिकारियों से पुष्टि के उपरांत ही पूरी गंभीरता से तथ्यात्मक जानकारियों के साथ ही प्रकाशित एवं प्रसारित करें।

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि जिले के संवदेनशील क्षेत्रों में पुलिस द्वारा निगरानी रखी जा रही है और लगातार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्यों द्वारा भी सोशल गतिविधि का नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस दृष्टि से हर पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने मीडिया को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह एवं भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का उलंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया व अन्य नेटवर्क द्वारा फलाई जा रही किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने की अपील की है।

## महाराष्ट्र दिवस समारोह में पूर्व अध्यक्षों किया सम्मान



भिलाई, 12 अप्रैल। महाराष्ट्र दिवस समारोह में पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्व महाराष्ट्रीयन समाज के लोग उपस्थित थे। पूर्व अध्यक्षों के योगदान की सराहना करते हुए वर्तमान अध्यक्ष आशीष निमजे ने कहा कि वे इनसे प्रेरणा लेकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में 1999 से लेकर अभी तक जितने भी अध्यक्ष हुए उन सबका भावभीना सम्मान किया गया। सामाजिक सम्मान से अभिभूत पूर्व अध्यक्ष राजाराम जाधव, शिरीष टोपे, उमेश खटी, नीलू लिमेष, शिल्पा टोपे, राजेश सावले, प्रकाश डहाके आदि ने कहा कि वे पूर्व की भांति महाराष्ट्रीयन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अपना योगदान देते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री की 10 लाख की घोषणा का स्वागत



भिलाई, 12 अप्रैल। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भिलाई प्रवास के दौरान महाराष्ट्र मंडल के वाचनालय भवन के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा का पूर्व अध्यक्ष एवं माया ज्वेलर्स के संचालक राजाराम जाधव ने स्वागत करते हुए भूपेश बघेल के पार्टी आभार व्यक्त किया है। जाधव ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा 10 लाख रुपये की घोषणा से समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। वाचनालय बन जाने से अध्ययन अध्यापन के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा और नयी पीढ़ी भी लाभान्वित होगी।

## पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर ने 85 परिवार को आवासीय पट्टा बांटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 12 अप्रैल।** नगर पंचायत पांडातराई में राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर जी ने 85 परिवारों को आवासीय पट्टा प्रदान किया। जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथो से आवासीय पट्टा वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। आवासीय पट्टा पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। आगे विधायक ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है हमारी सरकार जनता से वादा किया है उसको हमारी सरकार पूरा कर रहे है आपके माध्यम से पात्र हितग्राहियों के परिवारों को उनके हक-अधिकार प्रदान करते हुए राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवसीय पट्टा प्रदान किये है। पट्टा पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। उन्होनें निर्देशित करते हुए कहा कि मूलभूत समस्याओं को विशेष ध्यान रखे तथा शासन की सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने व सुविधा उपलब्ध कराये जाने को कहा इस अवसर पर अध्यक्ष न.पं. पांडातराई फिरोज खान, उपाध्यक्ष संतोष गेड्रे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडरिया नविन जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि जुगलकिशोर पांडे, गुरुदत्त शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष स.लोहारा रूपेंद्र वर्मा, राजेंद्र मारकंडे, तीरथ मरकाम, भीषण तिवारी, पुष्कर लहांगीर, अजय, वैभग ठाकुर, आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## किराये में निवासरत परिवारों को आवास प्राप्त करने निगम दे रहा मौका

**भिलाई, 12 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान मोर आस घटक के अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारों के लिए आवेदन देना निगम ने पुनः प्रारंभ कर दी गई है। 11 अप्रैल से इसके लिए मुख्य कार्यालय के क्रमांक 16 के आवास एवं गुमटी शाखा से 100 नगद भुगतान देकर आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई 2023 तक निर्धारित की गई है। किरायेदारी में निवासरत परिवारों के लिए सूर्य विहार के पीछे खमरिया, अविनाश मेट्रोपोलिस भिलाई जूनवानी, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खमरिया, एनआर स्टेट खमरिया भिलाई, रजत बिल्डर्स शांति नगर तथा स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद भिलाई में 941 निर्माणाधीन आवास उपलब्ध है। इनके आबंटन के लिए कार्यवाही की जानी है जिसको देखते हुए निगम ने आवेदन फॉर्म देना प्रारंभ कर दिया है। किरायेदारी में परिवारों के लिए यह अच्छा मौका होगा कि जो लोग आवेदन ले नहीं पाए थे, उन्हें आवेदन लेने का मौका मिलेगा तथा आवास लेने के लिए हितग्राही अप्लाई कर सकेंगे। शाखा के आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि केवल निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 16 से ही आवास के लिए आवेदन फार्म प्राप्त कर पाएंगे। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में आवास आबंटन से संबंधित प्रक्रिया की जा रही है ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिल सके। आवास आबंटन के लिए यह होगी प्रक्रिया जाने विस्तार से 941 आवासों में शासन के निर्देशानुसार तृतीय लिंग समुदाय, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र के आधार पर शासन के नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र के आधार पर प्राथमिकता से भूतल में लॉटरी द्वारा आबंटन की कार्यवाही की जाएगी। किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई को होगा।

### लाइम डोलो केल्सिनिंग प्लांट में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन

**भिलाई, 12 अप्रैल।** विगत दिनों सेल -भिलाई इस्पात संयंत्र के लाइम डोलो केल्सिनिंग प्लान्ट (आर. एम. पी.)में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दास गुप्ता के मुख्य अतिथि के रूप सम्पन्न हुआ। वे अपने सम्बोधन में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सुरक्षा हेतु किए जा रहें प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए स्वस्या एक सलाहकारी संस्था की सेवा से हमें संयंत्र में इसका लाभ परिलक्षित हो रहा है। उन्होने सुरक्षा सप्ताह के दौरान पारम्परिक प्रतियोगितयों के अलावा सेफ्टी स्पोर्ट्स तथा टूल बॉक्स टाक जो नए प्रतियोगिताओं पर प्रशंसा की स सुरक्षित कार्य प्रणाली व व्यवहार की निरंतरता के लिए कटिबद्ध होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असीत साहा, मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिए, मुख्य महाप्रबंधक सुशांत घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक अनुप दत्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक पाठक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पावर लिफ्टिंग में पदक जीतने पर आरक्षक लवनीत का सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,12 अप्रैल।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन में लगातार जिले के बालक/बालिका युवक/युवती प्रतिभावान खिलाड़ियो को विभिन्न खेल के माध्यम से लगातार आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का मौका प्रदान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्वर्गीय मोतीलाल वोरा जी की स्मृति में कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर दुर्ग में आयोजित तीन दिवसीय दिनांक-07-04-2023 से 09-04-2023 तक 25 वी राज्य स्तरीय जूनियर सीनियर मास्टर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें कबीरधाम पुलिस के आरक्षक लवनीत सूर्यवंशी के द्वारा कोच सूरज राजपूत भारत हेल्थ क्लब के कुशल दिशा निर्देश में पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्क्वञ्ज स्नढ्ढस्ज्ञ 120,द्यद्द में गोल्ड मेडल, छ्वश्वठ्ठस्रद्ग स्नढ्ढक्रस्ज्ञ 160,द्यद्द में गोल्ड मेडल, क्चद्गठ्ठष्द्ध क्कक्रद्गह्यह्य 95,द्यद्द सीनियर वर्ग में कांस्य पदक ऑल ओवर रैंक 2ठ्ठस्र रैंक प्राप्त कर कबीरधाम पुलिस व जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिन्हें आज दिनांक-11.04.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया गया, तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया।

## पुलिस ने चेकपोस्ट पर 1 अंतार्राज्यीय गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,12 अप्रैल।** डॉ. लाल उमेंद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा समस्त थाना चौकी प्रभारीयो को जिले मे अवैध गांजा के परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोडला श्री जगदीश उईके के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी थाना चिल्पी निरी. विकास बघेल के नेतृत्व में उप निरी. त्रिलोक प्रधान द्वारा आज दिनांक 10/04/2023 को अंतर्राज्यीय पुलिस चेक पोस्ट ह्ल॥ 30 मेन रोड चिल्पी मे वाहन चेकिंग टीम को निदेर्शित किया था जिस चिल्पी पुलिस टीम द्वारा नांकाबंदी कर चेकिंग किया जा रहा था जो चेकिग के दौरान कवर्धा बोडला से मण्डला जबलपुर की ओर आ रहे एक सफेद रंग स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक ऋछ्व45ष्टञ्ज4552 आते दिखाई दिया जिसे हाथ का इसारा देकर रोकने का इसारा किया गया उक्त वाहन का चालक पुलिस को देखकर 50 मीटर पहले अपने वाहन को रोक कर जंगल में फरार हो गया जिसका काफी दूर तक पीछा कर पकडने का प्रयास किया गया एवं जंगल मे पता तलाश किया गया जिसका कोई पता नही चला वाहन में सवार दुसरे व्यक्ति से उसका नाम पता पुछने पर अपना नाम दीपक कुमावत पिता रामनारायण कुमावत उम्र 22 साल साकिन फुलेरा थाना फुलेरा जिला जयपुर राजस्थान तथा अपने भागे हुए साथी कार चालक का नाम महेन्दर जाट निवासी नांवा जिला नागौर राजस्थान का निवासी होना बताये। वाहन में अवैध मादक पदार्थ गांजा होने की संदेह पर संदेहियों के कब्जे की सफेद स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक ऋछ्व45ष्टञ्ज4552 का तलाशी लिया गया। तलाशी दौरान वाहन के पीछे डिक्की मे रखे मादक पदार्थ गांजा 60 पैकेटो में कुल 102.300 किलोग्राम मनोत्तेजक मादक पदार्थ जैसा गांजा मिलने से आरोपीयों के विरूद्ध थाना चिल्पी मे 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही किया जाकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### ढांड ने औद्योगिक पार्क में नये रोजगार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**भिलाई, 12 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ नवाचार आयोग अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव विवके ढांड द्वारा 10 अप्रैल को पाटन के सांकरा ग्रामीण औद्योगिक पार्क में विजिट किया गया। साथ ही महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादित सामग्रियों जैसे हर्बल गुलाल, अष्टगंधा, हवन सामग्री, पूजन सामग्री, घी इत्यादि का निरीक्षण किया गया। महिलाओं की संख्या बढ़ाने एवं नये रोजगार उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिये गये साथ ही वर्तमान में चल रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, जिसमे वेतनमान के रूप में अब तक महिलाएं 45 लाख रूपये की आय प्राप्त की गई उनकी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विपुल गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन मुकेश कोठारी एवं एन.आर.एल.एम के यंग प्रोफेशनल उपस्थित रहें। ग्राम पंचायत तर्रा का गौठान भ्रमण किया गया जिसमें महिलाओं के द्वारा वर्मी खाद उत्पादन छनाई व गुणवत्ता के बारे में सराहना की गई। तर्रा में बने आजीविका केन्द्र में सिलाई एवं दाल पिसाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें पूर्व मुख्य सचिव द्वारा कच्चे माल को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिससे अधिक आय अर्जित की जा सकें। वर्तमान में मछली पालन हेतु बायोफ्लॉक की स्थापना की गई है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया समरसता भोज का आयोजन , अलग-अलग विधा में कार्य करने वाली बहनों का किया सम्मान



**कवर्धा,12 अप्रैल।** भाजपा महिला मोर्चा ने सामाजिक समरसता पखवाड़ा के तहत कवर्धा में समरसता भोज का आयोजन किया। इस दौरान अलग अलग विधा में कार्य करने वाले बहनों का तिलक लगाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया।पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गो के बीच जाकर समरसता बढ़ाने का कार्य करती है। सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास मंत्र को साकार करने में भी पार्टी जुटी है। सब मिलकर सामाजिक समरसता पखवाड़ा के उद्देश्यों को पूरा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वैश्विक समरसता, सद्भावना, भाईचारा के माध्यम से देश की सामाजिक आर्थिक उन्नति एवं प्रगति की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने कहा की कांग्रेस पार्टी दलितों की बात तो करती है पर दलित ही का कोई भी कार्य नहीं करती सिर्फ समाज के दबे कुचले दलित एवं पिछड़े वर्गो का राजनीतिक उपयोग करती है, संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाली कांग्रेश को उनकी जयंती तक मनाने की फुर्सत नहीं है वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी बाबासाहेब की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में पूरे देश में मना रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक पार्टी द्वारा सेवा समरसता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिले के सभी मंडलों में सामाजिक समरसता अन्न सहभोज का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी भी दिया जा रहा, जिससे आमजनता को उन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के हर वर्ग के बीच में अंत्योदय के भाव को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों आदर्शो पर काम करने वाली पार्टी है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के 15 वर्षो के कार्यकाल में महिलाओं को महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने और आत्म सम्मान दिलाने में कोई कमी नहीं की है। समाज के अंतिम छोर तक महिलाओं से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंची है और बहने उन से लाभान्वित हुई हैं। इसके विपरीत वर्तमान कांग्रेस की सरकार ने बहनों से उनका काम उनका अधिकार और झूठे वादों के माध्यम से माताओं बहनों के विश्वास से विश्वासघात करने का कार्य किया है। भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतविंदर पाहुजा ने बताया की संगठन के द्वारा 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक सामाजिक समरसता पखवाड़ा का कार्यक्रम दिया गया है। इसके अंतर्गत 6 अप्रैल को मोर्चा के बहनों ने अपने घरों में रंगोली बनाकर, दीप जलाकर, और ध्वज लगाकर भाजपा स्थापना दिवस मनाया।

## एक नजर

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2023 दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को आपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### युवा कांग्रेस, मीडिया विभाग में तुषार गुहा को मिली प्रदेश संयोजक की बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर 12 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस मीडिया विभाग में आज राष्ट्रीय इंचार्ज वरुण पांडे द्वारा प्रदेश संयोजक की नियुक्ति की गई है इसमें तुषार गुहा, आशीष द्विवेदी एवं आशीष यादव को युवा कांग्रेस मीडिया विभाग में प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है प्रदेश संयोजक तुषार गुहा इससे पहले भी मीडिया विभाग के विभिन्न पदों पर रहे हुए हैं पूर्व में हस्ढ के प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया विभाग के प्रथम चेयरमैन रह चुके हैं आज तुषार गुहा को यूथ कांग्रेस में मीडिया विभाग में प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है इस नियुक्ति पर प्रदेश संयोजक तुषार गुहा ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा मुझे मीडिया विभाग में प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसके लिए मैं प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं और आने वाले समय में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं इसको लेकर युवा कांग्रेस की मीडिया विभाग सरकार की जनहित कार्यों को मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेगी।



### श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष बंटी हरमुख से मुलाकात की वैष्णव ने



**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** रायपुर श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष बंटी हरमुख से योगेन्द्र दास वैष्णव श्रमिक नेता एवं महामंत्री किसान कांग्रेस राजनांदगांव नरेंद्र दास वैष्णव उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस राजनांदगांव कृत लाल पटेल ने हरमुख से मिलकर श्रम कल्याण मंडल योजनाओं के मजदूरों कल्याण संबंधीत सिलाई प्रशिक्षण साइकल वितरण छात्रवृत्ति राजनांदगांव श्रमिकों को मिले तथा राजाराम कारखाना के पास धामनसरा में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र खोलने पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी आवेदन दिया था।

### पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया में असत्य व भ्रामक खबरों को पोस्ट, एवं शेयर न करने की अपील की

**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा ने यह कहा है कि समस्त सोशल साइट्स के ग्रुप एडमिन ध्यान रखें कि आपके ग्रुप का कोई भी सदस्य आपके ग्रुप में गलत खबर, विवादित पोस्ट, विवादित बातें, साम्प्रदायिक सौहार्द्र खराब करने, दो पक्षों में विवाद बढ़ाने, दो गुटों में विवाद बढ़ाने या किसी जातियों के मध्य वैमनस्यता फैलाने संबंधी कोई भी मैसेज,पोस्ट,चित्रण या विडियो फैलाता है अथवा प्रसारित करता है तो उस व्यक्ति को तत्काल ग्रुप से हटा दें। यदि ग्रुप एडमिन द्वारा उक्त जिम्मेदारी नहीं निभाई जाती है तो ग्रुप एडमिन की भी उस पोस्ट के संबंध में जिम्मेदारी तय की जायेगी, उन पर भी विवादित पोस्ट को प्रसारित करने के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई भी व्यक्ति व्हाट्सएप, ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक व असत्य खबरें पोस्ट, शेयर, फारवर्ड, कमेंट करता है, जिससे लोकशांति पर प्रतिकूल प्रभाव हो तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध भी भारतीय दण्ड संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने सभी से अपील है कि ऐसे असत्य व भ्रामक खबरों को पोस्ट, शेयर, फारवर्ड, कमेंट करने से बचें। विवादित पोस्टों की सूचना हेतु पुलिस कंट्रोल रूम के फोन नम्बर 07744-286622 मोबाईल नम्बर-9479192199 या अपने क्षेत्र के थाना व पुलिस चौकी के इन नम्बरों पर सूचित करें।

# किसान के पुत्र ने खाया जहर, मेढ़ा केसीसी ऋण फर्जीवाड़ा बना कारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 अप्रैल।** मेढ़ा समिति प्रबंधक रहे कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा केसीसी लोन के नाम से क्षेत्र के दर्जनों किसानों से लाखों रुपए की की गई धोखाधड़ी का खामियाजा किसानों व किसान परिवार को भुगतना पड़ रहा है. कर्जदार किसान ना तो अपना धान बेच पा रहे हैं, ना ही उन्हें खेती के नाम से लोन मिल पा रहा है. परिवार कर्ज के तले दबा हुआ है, इन सबके बावजूद फर्जीवाड़ा करने वाले समिति प्रबंधक पर प्रशासन स्तर पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना होना अनदाता किसानों का अपमान करने जैसा प्रतीत होता है. ऐसे ही एक प्रकरण में कर्जदार पिता के पुत्र ने पैसे की कमी के कारण आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया और राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. खल्लारी निवासी आनंदराम पिता भागीरथी उम्र 35 वर्ष द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. पारिवारिक सूत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों कृषक भागीरथी कंवर व उसके पुत्र आनंद राम के बीच शराब के नशे में केसीसी ऋण के कर्ज को लेकर वाद- विवाद हुआ था. जिसके चलते आनंदराम ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. जैसे ही परिवार को जहर खाने की जानकारी मिली उसे जिला चिकित्सालय राजनांदगांव ले गए, उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई.

**केसीसी ऋण से परेशान था परिवार : समिति प्रबंधक-** कृषक भागीरथी कंवर ने बताया कि मेढ़ा सोसाइटी से केसीसी ऋण के कर्ज को लेकर हम दोनों में विवाद हुआ था. कर्ज से परेशानी के कारण पुत्र ने जहर खा लिया.

**2,52,688 रुपए का था केसीसी ऋण** – मेढ़ा सोसाइटी के खरीदी प्रभारी रामदयाल चंद्रवंशी ने बताया कि भागीरथी कंवर बड़े किसानों में आता है, जो 8.75 एकड़ में कृषि कार्य करता है. 1 सप्ताह पूर्व केसीसी

के बारे में पूछने के लिए किसान मेढ़ा सोसायटी आ था. अभी वर्तमान में 2,52,688 रुपए केसीसी ऋण की राशि बची हुई है.

**समिति प्रबंधक और किसानों के बीच केसीसी ऋण हटाने को लेकर समझौता हुआ था: बैंक प्रबंधक** – जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डोंगरगढ़ के प्रबंधक बीएल चंद्रवंशी ने बताया कि केसीसी ऋण के संबंध में पूर्व सोसाइटी प्रबंधक कुलदीप विश्वकर्मा और किसानों के बीच समझौता हुआ था. हमारे पास एक भी शिकायत किसानों द्वारा नहीं आई है.

प्रबंधक ने 37 किसानों के साथ की धोखाधड़ी

मृतक के चचेरे भाई वासुदेव कंवर व अन्य किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खलारी के 37 किसानों से केसीसी ऋण के नाम से पूर्व सोसाइटी प्रबंधक कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा फर्जी तरीके से लाखों रुपए के केसीसी ऋण निकाल लिया गया था. किसानों द्वारा शिकायत करने पर पुलिस थाना डोंगरगढ़ एवं एसडीओपी पुलिस प्रशासन के समक्ष कुलदीप विश्वकर्मा ने किसानों की राशि जल्द वापस लौटाने की बात कहकर मामला समाप्त कर दिया गया था. लेकिन आज पर्यंत तक भागीरथी सहित अन्य किसानों का पैसा नहीं लौटाया गया है.

# अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** 11 अप्रैल को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि ब्लाक नं 03 अटल आवास पेण्ड्री निवासी शेख सफदर कुरैशी अपने निवास के बाहर रखी सफेद रंग के स्वीफ्ट कार मे पिस्टल रखा है की सूचना पर घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभीषेक मीणा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन पर प्रभारी सायबर सेल श्री उमेश बघेल एवं थाना प्रभारी लालबाग श्री जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में टीम सायबर सेल एवं थाना लालबाग की टीम गठित कर शीघ्र तस्दीक/गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया। टीम मौके पर पहुंचा जहां ब्लाक नं 03 अटल आवास के सामने सफेद रंग की स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी-04-एच.ए. 9733 को खड़ा पाया जिसमे एक व्यक्ति बैठा था जिस पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के सहयोग से उक्त व्यक्ति एवं कार की घेराबंदी कर तलाशी ली गई जिस पर कार के भीतर डिक्की




मे रखा 01 नग लोहे का पिस्टल बरामद किया गया जिसमे मैग्जीन एवं राउंड नही था। मौके पर उपरोक्त व्यक्ति को पिस्टल रखने के संबंध मे लायसेंस/दस्तावेज की मांग करने पर उसके पास पिस्टल के संबंध मे कोई दस्तावेज लायसेंस नही होना बताया। पूछताछ में अपना नाम नाम शेख सफदर कुरैशी पिता शेख सत्तार कुरैशी उम्र 36 साल साकिन ब्लाक नं 03 अटल आवास पेण्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से 01 नग लोहे का पिस्टल बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार कर आरोपी के कब्जे से पिस्टल एवं स्वीफ्ट कार को समक्ष गवाहान मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया जेल। उपरोक्त कार्यवाही में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक उमेश बघेल, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, थाना लालबाग से उनि. आदित्य सिंह, सउनि. राजू मेश्राम तथा सायबर सेल से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, आरक्षक मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, अमित सोनी, दुर्गेश भूआर्य का सराहनीय योगदान रहा।

# जंगली हाथियों के झुंड का जिले में फिर से आगमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 12 अप्रैल।** 8 माह महाराष्ट्र में बिताने के बाद भारी भरकम हाथियों का झुंड फिर से मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में दस्तक दे दिया है। खूंखार जंगली हाथियों का भारी-भरकम कुनबा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले का बॉर्डर पार कर 2 दिनों से मोहला विकासखंड के परवीडीह में विचरण करते हुए मानपुर के सुडियाल बुकमरका की ओर आगे बढ़ गए हैं। इधर जंगली हाथियों के फिर से दस्तक देने के बाद सामान्य वन मंडल तथा वन विकास निगम जान माल की रक्षा के लिए हाई अलर्ट पर है। उल्लेखनीय है कि विगत 2 वर्ष से गरियाबंद जिला से धमतरी, बालोद तथा दल्लीराजहरा एरिया होते हुए भारी भरकम 25 से 26 जंगली हाथियों का झुंड मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में दस्तक दिया जहां जंगली हाथियों ने बेहद कोहराम मचाया। महीनों काटने के बाद गजराजो का झुंड जिले की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढचिरौली जिले की ओर आगे बढ़ गये थे । 8 माह से महाराष्ट्र में विचरण



करने के बाद भारी भरकम जंगली हाथियों का कुंभा गर्मी के इस मौसम में महाराष्ट्र के कोटगुल कोरची तहसील के बीचो-बीच होते हुए मोहला विकासखंड के परवीडीह के जंगल में दो दिनों से डेरा जमाए हुए थे। फरेस्ट अमले ने बताया कि परवीडीह के जंगल से हाथियों का झुंड मानपुर विकासखंड के सुडियाल बुकमरका की ओर आगे बढ़ गए हैं।

**दिन में आराम रात को आगे बढ़ रहे हैं हाथी-** महाराष्ट्र टीपागढ़ के घनघोर जंगल से सीधे यहां पहुंचने के साथ जंगली हाथियों का झुंड तपती गर्मी में मोहला और मानपुर के जंगलों में विश्राम कर रहे हैं । और रात को वे आगे बढ़ रहे हैं। जिस पर सामान्य वन मंडल तथा वन विकास निगम के अफसर नजरे बनाए हुए हैं।

**हाई अलर्ट पर विभाग-** विशालकाय जंगली जानवर से जानमाल की रक्षा के लिए वन विकास निगम तथा सामान्य वन मंडल की अलग-अलग टीमें लगातार मोहला मानपुर के संभावित क्षेत्र जहां से हाथी गुजर सकते हैं उन उन इलाके के गांव के आम ग्रामीणों को सतर्क करते हुए मुनियादी करा रहे हैं। तथा गांव और घरों को बचाने रात में अलावा लाइट जलाने का उपाय सुझा रहे हैं।

**बीते माह झुंड ने दो लोगों पर किया था हमला –** बीते आठ माह पूर्व खूंखार जंगली हाथियों के झुंड ने मोहला विकासखंड के बैसबोर्ड में दो ग्रामीणों को कुचल कुचल कर मार डाला इसके साथ ही दर्जनों किसानों के फसल व घरों को गजराजो रौंद डाला। इसी तरह 2 दिनों से प्रवीण इलाके के कई लोगों के फसल बा झोपड़ी को नुकसान पहुंचाते हुए हाथी उत्तर मानपुर परीक्षेत्र मे आगे बढ़ गए हैं।

फील्ड में हमारी अलग-अलग टीमें काम कर रही है ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ-साथ उन्हें समझाइश दी जा रही है कि हाथियों के सामने वे किसी भी सूरत में ना आए। श्री साहू उपमंडल अधिकारी अंबागढ़ चौकी

## ओबीसी संयोजन समिति ने ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**अंवरी 12 अप्रैल।** ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ ने आज महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर कुरूद के महात्मा ज्योतिबा फुले मूर्ति के समक्ष माल्यार्पण कर उनके महान क्रांतिकारी कार्यों को याद करते हुए अपनी संकल्प को दोहराया कि उनके द्वारा चलाई गई शिक्षा क्रांति को ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ जन - जन तक पहुंचाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय महासचिव एवं समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने बताया कि



अट्ठारहवीं शताब्दी मे जब देश मे छुआछूत, जात - पात, पूंजीवाद, सामंतवाद अपने चरम सीमा पर था ऊंच-नीच की खाई इतनी गहरी थी की एक वर्ग विशेष के द्वारा दूसरे वर्ग के लोगों को शिक्षा - संपत्ति जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था, ऐसे समय में एक सामान्य परिवार में 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में जन्मे शिक्षा के अग्रदूत महान क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले ने इस अमानवीय व्यवस्था को दूर करने के लिए संघर्ष का शंखनाद करते हुए शिक्षा क्रांति का बिगुल फूंक दिया जिसके परिणाम स्वरूप ही आज बहुसंख्यक ओबीसी समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई है , उनके सामाजिक सुधार के योगदान को देखते हुए ब्रिटिश गवर्नमेंट ने उन्हें 1888 की एक जनसभा में महात्मा की उपाधि दी।बाल विवाह पर रोक, विधवा विवाह को पुनः चालू करने के लिए उन्होंने शिक्षा की क्रांति से समग्र सामाजिक जागरूकता का अभियान चलाया था जिससे पूंजीवादी सामंती शासन व्यवस्था की जड़े उखड़ने लगी थी ऐसे ही महा मानवों के बताए हुए संघर्षो को अपने जीवन में उतार कर ही भेदभाव रहित समाज का निर्माण किया जा सकता है । इस कार्यक्रम में ओबीसी ओ.बी.सी. संयोजन समिति के संस्थापक एड. शत्रुहन सिंह राष्ट्रीय प्रचारक टिकेश्वर/अभिनव सिंह,कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शैलेंद्र साहू धमतरी जिला के जिला अध्यक्ष चोवा राम साहू जी जिला प्रभारी समारू सिन्हा और पटेल समाज के अनिल कमलवंशी, सतवंत कुमार आदि।

# नगर निगम जन चौपाल में आयुक्त एवं अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज मंगलवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जन चौपाल में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जन चौपाल में कुल 6 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 01 आवेदन राशन कार्ड में नाम जोडने संबंधी का त्वरित निराकरण किया गया। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री डी.सिंह के निर्देश पर इस मंगलवार भी नगर निगम के सभागृह में दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल लगाया गया। जन चौपाल में 6 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें लोककर्म से संबंधित



02, पेयजल संबंधी 1, अवैध कब्जा संबंधी 1 एवं राशन कार्ड में नाम जोडने संबंधी 1 व नामांतरण प्रकरण संबंधी 1 कुल 06 प्रकरणो में से राशन कार्ड में नाम जोडने संबंधित 01 प्रकरण का निराकरण किया गया तथा शेष 05 प्रकरणों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि जन चौपाल का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। चौपाल में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आज के जन चौपाल में विभिन्न समस्याओं संबंधित 6 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें 1 प्रकरण राशन कार्ड में नाम जोडने का त्वरित निराकरण किया गया, निराकरण में मंगलेश कुमार के राशन कार्ड में त्वरित नाम जुडने से श्री मंगलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि जन चौपाल में आकर आवेदन देने से तुरंत नाम जुड गया, जिसकी मैं कल्पना भी नहीं किया था, उन्होंने कहा कि जन चौपाल से नागरिक सीधे जुडकर लाभ उठा रहे है।

जन चौपाल में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, समाज कल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम व श्री दीपक अग्रवाल, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा एवं प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर प्रियंका गांधी का दिल से स्वागतः रिजवी

**रायपुर 12 अप्रैल।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी का दिल से स्वागत करते हुए कहा है कि बस्तरवासी आपको अपने बीच पाकर गदगद हैं। आपके जगदलपुर आगमन पर एयरपोर्ट से लेकर मंच तक आपको केवल पदाधिकारीगण तथा सत्ताधारी रसूखदार ही घेरे रहेंगे तथा समर्पित एवं निष्ठावान कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी के समान कार्यकर्ता आपसे दूर कर दिए जाऐंगे जो एक प्रक्रिया का रूप बन चुका है। प्रियंका जी को सिक्यूरिटी के नाम पर कार्यकर्ता से दूर कर दिया जाऐगा। प्रियंका जी से निवेदन है कि कार्यकर्ताओं से दूर रखने की परम्परा को तोड़े तथा मंच से उन कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनकी पूछ परख करें। दल व सत्ता के करीबी लोगों को ही आपसे मिलने दिया जाऐगा जो अपने नेता की तारीफों के पुल बांधने वाले चाटूकारों को ही आपके नजदीक जाने की ही अनुमति दी जाऐगी और ऐसी श्रेणियों के नेताओं से ही मिलवाया जाऐगा जो अब परम्परा बन चुकी है। रिजवी ने प्रियंका गांधी जी को ये सारी बातें पूर्व से प्रेषित पत्र में लिख भेजी है। प्रियंका जी एक बलिदानी परिवार की सदस्य है जिसे भाजपा जब कांग्रेस से पार नहीं पा सकती है तो परिवारवाद का उलाहना देकर देश की जागरूक जनता को गुमराह करने का प्रयास करती रहती है। परन्तु जनता जानती है कि गांधी जैसा बलिदानी परिवार देश की राजनीति में कोई दूसरा परिवार नहीं है। भाजपा अपनी छटपटाहट एवं इस दिशा में बौनापन छुपाने का प्रयास करते हुए गांधी परिवार को कोसती रहती है।

## महापौर ने अपने शासकीय आवास कार्यालय में प्राकृतिक गोबर पेंट से पोताई का किया प्रतीकात्मक शुभारंभ

**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने आज अपने शासकीय आवास कार्यालय में प्राकृतिक गोबर पेंट से पोताई करते हुए शुभारंभ किया। महापौर ने समूह की महिलाओं को प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले भर में शासकीय कार्यालयों, छात्रावासों एवं शासकीय भवनों में रंग-रोगन में प्राकृतिक गोबर पेंट का उपयोग किया जाएगा। जिससे समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। शासन की सुराजी गांव योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बन रही है



और उन्नति की राह खुली है। वहीं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने नगर निगम के राजस्व विभाग की प्राकृतिक गोबर पेंट से पोताई की। उल्लेखनीय है कि जागृति उत्पादक समूह द्वारा प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण इकाई लखोली में इको फ्रेंडली प्राकृतिक गोबर पेंट का निर्माण किया जा रहा है। शासन की सुराजी गांव योजना के तहत नई पहल करते हुए गोबर पेंट निर्माण की योजना तैयार की गई है। जिसके तहत समूह की महिलाओं को गोबर पेंट निर्माण के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समूह की महिलाओं को शासकीय विभागों द्वारा रंग-रोगन के लिए 22 लाख 31 हजार रूपए से अधिक राशि के 9918.25 लीटर के प्राकृतिक गोबर पेंट का ऑर्डर मिला है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए यह कार्य प्रारंभ किया गया है।

# निर्माण कार्य अधुरा छोड़ने पर ठेकेदार की अमानत राशि हुई राजसात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** वार्ड नं. 2 में डड़सेना सिन्हा समाज भवन में आहता निर्माण कार्य पूरा नहीं करने पर ठेकेदार मे0 वर्षा एग्रो इण्डस्ट्री की एवं वार्ड नं. 30 जनता कालोनी में आर.सी.सी रोड व कल्वर्ट निर्माण कार्य अधुरा करने पर ठेकेदार श्री विनय बिंदल का अनुबंध निरस्त करने तथा अमानती राशि राजसात करने निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने नोटिस जारी किया है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि ठेकेदार श्री विनय बिंदल को वार्ड नं. 30 जनता कालोनी में आर.सी.सी. रोड एवं कल्वर्ट निर्माण हेतु 51 लाख लाख का कार्यादेश दिया गया था, कार्यादेश अनुसार 5 माह में कार्य पूर्ण करना था, इनके द्वारा राशि 41 लाख रूपये का कार्य करने के पश्चात शेष कार्य बंद कर दिया गया, शेष कार्य करने ले-आउट देकर कार्य करने कहा गया, इसके पश्चात कार्य नहीं करने पर इन्हें 4 बार नोटिस जारी किया गया। नोटिस उपरांत भी इनके द्वारा आर.सी.सी. रोड एवं कल्वर्ट निर्माण कार्य आज पर्यन्त तक प्रारंभ नहीं किया गया तथा कार्य करने रूचि न लेकर कार्य को लगभग 5 वर्षो तक अवरूध रखा गया, जोकि निविदा एवं अनुबंध शर्तो का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इनके इस कृत्य के कारण इनका अनुबंध एवं कार्यादेश निरस्त किया जा रहा है। साथ ही इनकी शेष कार्य की राशि रूपये 10 लाख 91 हजार का 10 प्रतिशत पेनाल्टी राशि 1 लाख 9 हजार रूपये की कटौती देयक राशि से काटी गयी सुरक्षा निधि से करते हुये इनके द्वारा निगम में जमा किये गये अमानती राशि का एफ.डी.आर. राशि रूपये 40 हजार रूपये निगम कोष में राजसात किया जाता है तथा इस निकाय में होने वाली अगामी निविदाओं में भाग लेने से 1 वर्ष के लिये वंचित किया जाता है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि इसी प्रकार ठेकेदार मे0 वर्षा एग्रो इण्डस्ट्री को वार्ड नं. 2 में 5.00 लाख रूपये की लागत से डड़सेना सिन्हा समाज भवन में आहता निर्माण करने कार्यादेश जारी किया गया था, कार्यादेश अनुसार 4 माह में कार्य पूर्ण करना था, किन्तु इनके द्वारा राशि 3 लाख 8 हजार का कार्य करने के पश्चात शेष कार्य बंद कर दिया गया, कार्य बंद करने पर विभाग द्वारा 4 बार नोटिस जारी किया गया।

## महिलाओं पर बढ़ते अपराध को लेकर प्रियंका को घेरेगा महिला मोर्चा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को घेरेगा। आज महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक आहुत की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुई। बैठक में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के बस्तर प्रवास पर बस्तर संभाग महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के नेतृत्व में घेरने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश महिला मोर्चा भूपेश सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में एवं प्रियंका गांधी के वक्तव्य में हमेशा यह कहना कि मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं, इस विषय पर सीधे संवाद-सीधे विरोध की मुहिम महिला मोर्चा द्वारा चलाई जाएगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में प्रदेश की भूपेश सरकार से पूछेंगे कि कांग्रेस की सरकार साढ़े 4 सालों में शराबबंदी क्यों नहीं कर पाई? प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही छोटी बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक दुष्कर्म के अपराध बढ़ रहे हैं। इस पर लगाम क्यों नहीं लगा पाये? पेंशन राशि क्यों नहीं बढ़ पाई? रेडी टू ईट बनाने वाली हजारों बहनों को क्यों बेरोजगार कर दिया। स्व सहायता समूह की बहनों का आज तक कर्जा माफ क्यों नहीं हुआ। प्रियंका गांधी के सचिव संदीप के ऊपर उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर की कांग्रेस प्रत्याशी ने शोषण का आरोप लगाया है और उससे यह बदसलूकी रायपुर में हुई है।

# भाजपा के एक एक कार्यकर्ता की मेहनत से छत्तीसगढ़ में भाजपा का कमल खिलेगाः अरुण साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 12 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अरुण साव जी का विधानसभा खुज्जी के मंडल कुमर्दा के आमगांव में प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर पांच लोगों ने भाजपा का दामन थामा, भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहनाकर पांच लोगो को भाजपा प्रवेश कराया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष



रमेश पटेल, भरत वर्मा अध्यक्ष प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा,रविन्द्र वैष्णव जिला महामंत्री,दिनेश गांधी पूर्व जिला महामंत्री,एम डी ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष आदिवासी मोर्चा, चंद्रिका डडसेना उपाध्यक्ष जिला भाजपा,श्रीमती गीता साहू अध्यक्ष जिला पंचायत,हिरेंद्र साहू अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा,कैलाश शर्मा जिला मंत्री,श्रीमती ललिता कंवर जिला मंत्री,श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जंप छुरिया,अजय पटेल मंडल अध्यक्ष छुरिया,बोधन साहू मंडल अध्यक्ष कुमर्दा,एकांत चंद्राकर उपाध्यक्ष जप छुरिया,अनिरुद्ध चंद्राकर ,सुंदर साहू,दीनदयाल साहू,दयालदास साहू,गोपाल साहू,श्रीमती भेष बाई साहू श्रीमती भारती देवांगन सीता वैष्णव, राजवंतीन यादव महाबती नेताम,जगजीत सिंह भाटिया,घासी साहू, खिलेशवर साहू, अनंत तिवारी,मुकेशसाहु,कामता साहू,हेतराम साहू,शिवा मिश्रा,दिनेश साहू,ओमप्रकाश साहू,भुवन साहू,कपिल बघेल,गोविंद साहू,महेंद्र विश्वकर्मा, डामन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे..!

नव प्रवेशी कार्यकर्ता ललित यादव बेलरगोदी ,दुर्गेश भारद्वाज बेलरगोदी, अंकित सिंह राजपूत नदिया खुर्द ,प्रेम लाल बेलरगोदी उमाशंकर साहू बेलर गोदी जी बताया कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्र हित में किये जा रहे कार्यो व देश के यशस्वी प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर हम सभी ने भाजपा में प्रवेश किया हमे भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव जी व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया ।हम सभी निरंतर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़कर निरंतर कार्य करेंगे।

## संपादकीय

# शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी

किसी भी राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखना मोटे तौर पर पुलिस विभाग की जिम्मेदारी होती है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि वह किसी क्षेत्र विशेष में शांति बनाए रखाना उसके अकेले के बस की बात नहीं होती है। ऐसी स्थिति में सभी की जिम्मेदारी हो जाती है, शांति व्यवस्था बनाए रखना। बीरनपुर का मामला कोई बहुत बड़ा मामला नहीं था। पुलिस चाहती तो यह मामला इतना बड़ा तो नहीं बनता, पुलिस की अदूरदूर्शिता से छोटा सा मामला इतना बड़ा बन गया कि एक पक्ष के एक युवा की हत्या हो गई। जब भी दो पक्षों के बीच कोई बात हो जाती है तो उस मामले को मारपीट के बजाय बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। हजारों उदाहरण समाज के सामने हैं जब भी दो पक्ष एक दूसरे से लड़ते हैं तो इससे मामला सुलझने की जगह बिगड़ता है। माहोल बिगड़त है तो इससे किसी को कोई फायदा नहीं होता है। सभी को नुकसान हो जाती है कि किसी की जान जाती है तो कई परिवार के लोगों को कोर्ट कचहरी व सजा भी भुगतनी पड़ती है। राजनीतिक दलों को राजनीति करने का मौका मिलता है। दो पक्षों के बीच शक्ति प्रदर्शन के बाद राजनीतिक दलों के बीच शक्तिप्रदर्शन होता है। छत्तीसगढ़ बंद क्या है। हत्या के विरोध में किया गया यह आयोजन एक तरफ का शक्ति प्रदर्शन है। एक पक्ष ने मारपीट कर शक्ति प्रदर्शन किया तो विरोध में दूसरे पक्ष ने छत्तीसगढ़ बंद करा बताया कि देखों यह हमाही ताकत है। एक दिन के छत्तीसगढ़ बंद की मतलब है कि एक दिन राज्य मे काम धंधा बंद यानी करोड़ो का नुकसान। रोज कमाने खाने वालों के सामने रोजी रोटी की समस्या। बसें न चलने से कही आने जाने में दिक्कत। दुकान बंद कराने के नाम पर तोढ़ फोड़ अलग। राज्य की पुलिस कहने को सब जगह मोजूद रही लेकिन हर बंद के दौरान जनता को जो परेशानी होती है, उससे पुलिस जतना को बचा नहीं सकी। बंद से जनता को परेशानी हुई। इस बात का किसी को कोई असर नहीं पड़ता है। घटना किसी एक जगह होती है, लेकिन उसका खामियाजा पूरे राज्य को भुगतना पड़ता है। ऐसा अक्सर पुलिस की अदूरदर्शिता के कारण होता है। जहां कोई घटना घटती है, वहीं पर पुलिस को तुरंत ऐसे इंतजाम करने चाहिए कि वह घटना राज्य की घटना न बन सके। कई बार ऐसा हो चुका है कि पुलिस की अदूरदर्शिता के कारण ही छोटी सी घटना बड़ी घटना बन जाती हैतथा उसका खामियाजा पूरे राज्य को भुगतना पड़ता है। राज्य की पुलिस एक घटना से ही सबक ले सकती लेकिन लगता नहीं है कि वह कोई सबक लेती है। वह किसी घटना से कोई सबक नही लेती है, यही वजह है बार बार छोटी सी घटना बड़ी घटना बना दी जाती है। ताकि उस पर राजनीति की जा सके.। यह समुदायों की जिम्मेदारी है कि वह कोई भी घटना घटती है तो उसे गंभीरता से ले। उसके दूरगामी परिणाम क्या हो सकते है, इस पर विचार करे। उसके अनुसार कोई निर्णय करे। जब भी छोटी घटना बडी हो जाती है तो उसके लिए परिवार,समाज के साथ पुलिस वाले भी दोषी होते हैं। मामले को गंभीरता से लेने की शुरुआत तो परिवार से ही करनी होगी। परिवारों को ही आपस में मिलकर मामले को सुलझाने का प्रयास करना चाहिए तथा इस बात की जानकारी समाज को भी दी जानी चाहिए। यदि परिवार के लोग आपस में मामले को सुलझा नहीं पाते हैं तो यह समाज की जिम्मेदारी होती है कि वह मामले को समाज से बात करके सुलझाने का प्रयास करे। इसके बाद भी मामला न सुलझे तो मामले को पुलिस के पास ले जाना चाहिए। गंभीरता से प्रयास किया जाए तो किसी भी छोटे मामले को बड़ा मामला न बनने देने के लिए परिवारे के पास तीन मौके होते हैं। तीनों मामले को सुलझाने का प्रयास करे तो मामला सुलझ सकता है। सभी को समझ्ने की जरूरत है कि चिंगारी छोटी सी होती है, उसे सुलगने का मौका दिया जाता है तो बहुत बड़ा नुकसान होता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आपका आज का दिन सामान्य रहेगा , थौड़ी दौड़ धूप रह सकती है। अपनी बारी का इंजतार करें। समय की महत्ता को समझे। संतान के लिए समय दें क्योंकि उनके सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा, जो भविष्य में लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें व आराम के लिए समय निकालें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-किसी के बहकाने से अपने संबंध तोडने से बचें। पैर में दर्द रह सकता है। समाज में नाम होगा। जो लोग दूसरे के लिए मांगते है, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। खुद के लिए समय निकालें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मान-सम्मान बढेगा। जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। तबीयत सही नहीं है तो बीमारी में दवाई असर कम करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं। धर्म में रूचि बढ़ेगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज का आपका दिन अनुकूल रहेगा। अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे। शेयर बाजार में निवेश से लाभ होगा।दूसरों से मिलकर खुशी होगी ।कार्य सिद्ध होंगे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आपका दिन सामान्य रहेगा। हर किसी पर आखें बंद करके विश्वास न करें। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार का सम्मान करें। जीवनशैली में परिवर्तन के योग हैं। पुरानी दुश्मनी के चलते विवाद से बचें।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आपका दिन सामान्य रहेगा। सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा। भगवान पर भरोसा रखें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे।आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी। बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त करें। धर्म के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। अपने हिसाब से जिंदगी जिना पसंद रहेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भवन भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रुचि कम रहेगी। खुद के लिए समय अवश्य निकालें।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज समय की महत्ता को समझे और समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा। फैक्ट्री में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगायें, चमत्कारिक लाभ होगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यस्ता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी में मधुर रहें। यात्रा के योग हैं। पक्षियों का दाना पानी डालें। धर्म में रूचि बढेगी स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका दिन व्यस्त रहेगा। सेहत को नजरअंदाज न करें। अनावश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी। अपने संपर्कों से रुके कार्य पूरे होंगे। बहनों आदि के विवाह की चिंता रहेगी। गाय को हरा चारा डालें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आपका समय बेहतरीन होगा इसलिए समय का सदुपयोग करें। जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम अनुकूल होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

# पद ज़िम्मेदाराना, बोल जाहिलाना ?

**राजनीति**

**निर्मल रानी**



पिछले दिनों हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फ़रीदाबाद में एक कार्यक्रम में फ़रमाया कि -'हमें 5 एस के सिद्धांत पर चलते हुये आगे बढ़ना है। और इस 5 एस को उन्होंने शिक्षा ,स्वास्थ्य स्वावलंबन,सुरक्षा और स्वाभिमान जैसे शब्दों से परिभाषित किया। सुनने में तो मुख्यमंत्री महोदय की बातें किसी दार्शनिक के प्रवचन जैसी लगती हैं। परन्तु जब उनके इस 'प्रवचन ' की तुलना उन्हीं के द्वारा पूर्व में दिये गये उनके कई बयानों से की जाये तो उनके इस '5 एस' के सिद्धांत पर चलने की सलाह पर सवालिया निशान खड़ा होता है। उनका ताज़ा तरीन बयान जो पिछले दिनों उन्होंने भिवानी में एक कार्यक्रम के दौरान तब दिया जब उनसे एक पत्रकार द्वारा यह पूछा गया कि पुलिस भर्ती में अभी तक सभी उम्मीदवारों को नियुक्ति क्यों नहीं मिली? इस प्रश्न के जवाब ने मुख्यमंत्री ने कहा कि- 'आप में से ही कुछ लोग थे जो कोर्ट चले गए और जज ने स्टे लगा दिया। एक जज है उनके माथे में कुछ गड़बड़ है उसे जल्द ठीक करेंगे'। न्यायपालिका के जज के बारे में उनके द्वारा ऐसी निम्नस्तरीय व धमकी भरी भाषा का प्रयोग क्या उनके '5 एस' के सिद्धांत में से शिक्षा,सुरक्षा और स्वाभिमान की किसी श्रेणी में फ़िट बैठता है ? एक जज के विरुद्ध किसी मुख्यमंत्री जैसे ज़िम्मेदाराना पर बैठे व्यक्ति के बोल उस जज की सुरक्षा व स्वाभिमान तथा स्वयं मुख्यमंत्री की 'शिक्षा ' पर सवाल खड़ा नहीं करते ? इसके पहले भी फ़रीदाबाद में ही खट्टर की कश्मीर से हरियाणा के लिए बहू लाने के लिए दिए गए बयान को लेकर बहुत आलोचना हुई थी। खट्टर ने उस समय कहा था कि -'अब हरियाणा के लोग भी कश्मीरी बहू ला सकते हैं। आजकल लोग कह रहे हैं कि कश्मीर का रास्ता साफ़हो गया है। अब हम कश्मीर से लड़कियां लाएंगे'। खट्टर के इस बयान की चौतरफ़ा निंदा की गयी थी तथा दिल्ली महिला आयोग ने खट्टर को नोटिस तक भेज दिया था। यहां भी इस महान दार्शनिक के '5 एस' के सिद्धांत में कश्मीरी लड़कियों के स्वावलंबन,सुरक्षा और स्वाभिमान चिंतनीय हैं । '5 एस' के सिद्धांत के इन्हीं प्रणेता मनोहर लाल खट्टर ने किसान आंदोलन के दौरान चंडीगढ़ में इकठ्ठा सत्ता के पक्ष के मुट्ठी भर किसानों को आंदोलनकारी किसानों के विरुद्ध उकसाते हुये कहा था कि-अपने-अपने इलाक़े के एक हज़ार लोग लट्ठ लेकर निकलें और आंदोलन कर रहे किसानों का इलाज करें। आगे उन्होंने यह भी कहा कि उग्र किसानों का जवाब दो। दो-चार महीने जेल में रह जाओगे तो बड़े नेता बन जाओगे। उन्होंने लोगों को भड़काते हुये यह भी कहा कि ज़मानत की परवाह न करो। तुम्हारा कुछ नहीं होगा,बल्कि दो चार महीने जेल में रहोगे और आकर बड़े नेता बन जाओगे।' दूसरी तरफ़ यही खट्टर साहब लोगों को सुरक्षा और स्वाभिमान के सिद्धांत पर चलते हुये आगे बढ़ने की सीख देते हैं?

अब ज़रा भारतीय जनता पार्टी के महासचिव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर नज़रें गड़ाये बैठे कैलाश विजयवर्गीय के प्रवचन भी सुन लीजिये। आप फ़रमाते हैं कि - ''मैं रात में जब (बाहर) निकलता हूं और पढ़े-लिखे नौजवानों और बच्चों को (नशे में) झूमते हुए देखता हूं, तो सच में ऐसी इच्छा होती है कि (गाड़ी से) उतरकर इनको पांच-सात लगाकर नशा उतार दूं। एक अन्य कार्यक्रम में इन्हीं संस्कारी महासचिव महोदय ने कहा, कि ''हम महिलाओं को देवी बोलते हैं, लेकिन लड़कियां भी इतने गंदे कपड़े पहनकर निकलती हैं कि उनमें देवी का स्वरूप ही नहीं दिखता, बिल्कुल शूर्पणखा लगती हैं..सच में। भगवान ने इतना अच्छा और सुंदर शरीर दिया है..तुम ज़रा अच्छे कपड़े पहनो यार।'' विजयवर्गीय ने अपने 'प्रवचन ' में यह भी कहा कि ''मैं तो दादा-दादी, मां-बाप सबसे कहता हूं कि शिक्षा जरूरी नहीं है, संस्कार ज़रूरी हैं।'' याद रहे कि पौराणिक ग्रंथ रामायण में लंकापति रावण की बहन को शूर्पणखा के रूप में वर्णित किया गया है और इसी ग्रन्थ के अनुसार भगवान राम के प्रति शूर्पणखा के अमर्यादित आचरण के कारण राम के भाई लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काट दी थी। ज़रा सोचिये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ने व पढ़ाने वाले इन नेताओं को नारी शक्ति शूर्पणखायें नज़र आती हैं? इन्हीं के 'संस्कारी' बेटे विधायक आकाश विजय वर्गीय ने जून 2019 में भोपाल के एक निगम अधिकारी की बल्ले से पिटाई कर दी थी। और अपने इस आपराधिक कारनामे पर उन्होंने गर्व से यह डायलॉग भी सुनाया था -'पहले आवेदन, फ़िर निवेदन और फ़िर दे दनादन के तहत कार्रवाई की जाएगी'। यानी आगे के लिये भी अधिकारियों को चेतावनी दी थी। इस आपराधिक कृत्य में विधायक जी जेल भी गये थे। इसी तरह मार्च 2021 में उत्तरांचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह रावत ने एक विवादित बयान देते हुये कहा था कि -' एक तरफ़ जहां पश्चिम के देश भारत के योग और अपने तन को ढकने की परंपरा को देखते हैं, वहीं 'हम नग्नता के पीछे भागते हैं.' रावत ने कहा था कि , ' क़ैंची से संस्कार- घुटने दिखाना, फ़टी हुई डेनिम पहनना और अमीर बच्चों जैसे दिखना- ये सारे मूल्य बच्चों को सिखाए जा रहे हैं। अगर घर से नहीं आ रहा है, तो कहां से आ रहा है? इसमें स्कूल और टीचरों की क्या ग़लती है? हम फ़टी हुई जींस में, घुटना दिखा रहे अपने बेटे को लेकर कहां जा रहे हैं ? लड़कियां भी कम नहीं हैं, घुटने दिखा रही हैं, क्या ये अच्छी बात है?' उसके बाद उन्हीं के मंत्रिमंडल के सहयोगी गणेश जोशी ने तो यहाँ तक कहा था कि -'महिलाओं को अच्छे बच्चे पालने-पोसने पर ध्यान देना चाहिए। महिलाएं बात करती हैं कि वो जीवन में क्या-क्या करना चाहती हैं लेकिन उनके लिए सबसे जरूरी है कि वो अपने परिवार और अपने बच्चों का ख़याल रखें.'। फ़टी हुई जीन निश्चित रूप से हर एक को नहीं भाती,परन्तु जिन्हें यह फ़ैशन पसंद है उन्हें टोकने झाँकने का अधिकार भी किसी को नहीं न ही शूर्पणखा का सर्टीफ़िक्रेट देने का। रहा सवाल महिलाओं को परिवार और अपने बच्चों का ख़याल रखने की सलाह का तो इस विषय पर तालिबानी सोच और इन तथाकथित 'संस्कारियों ' की सोच में अंतर ही क्या है ? कभी बिहार के मुख्यमंत्री फ़रमाते हैं कि 'जो पीएगा वो मरेगा' तो कभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि '10 मार्च (चुनाव तिथि ) के बाद सारी गर्मी शांत करवा देंगे'। कभी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर उनकी तुलना सद्दाम हुसैन से करने लगते हैं। तो कभी किसी नेता का खून खौलने लगता है तो कभी सत्ता में आने पर अपराधियों को उल्टा लटकाने की धमकी दी जाती है तो कभी मिट्टी में मिलाने की भाषा इस्तेमाल होती है। अभी पिछले दिनों एक केंद्रीय मंत्री ने तो चयनित आई ए एस अधिकारियों को डकैत तक कह डाला। इस तरह की भाषा सुनकर तो यही लगता है कि भले ही इनके पास पद ज़िम्मेदाराना क्यों न हों परन्तु इनके बोल जाहिलाना ही हैं।

# सिंधु-गंगा घाटी का कड़ाव कितना उबलेगा?

**पर्यावरण**

**हरिशंकर व्यास**

बहरहाल मसला है सिंधु-गंगा घाटी के 70 करोड़ लोगों के भविष्य में भीषण गर्मी की क्या तस्वीर है? लोग क्यों कड़ाव में उबलेंगे? एक उपन्यासकार किम स्टेनली रॉबिन्सन ने जलवायु परिवर्तन पर एक किताब लिखी है। शीर्षक है 'द मिनिस्ट्री फॉर द फ्यूचर'। यह किताब सन् 2020 में बेस्टसेलर थी। इसने मौसम बिगड़ने के भयावह परिणामों के सिनेरियो में लू की चपेट में आए भारत के एक छोटे शहर की कल्पना की है। शहर की सड़कें खाली। एयरकंडीशन कमरों में गर्मी के कड़ाव से तौबा किए लोगों की जमा भीड़। वही छतों पर प्राण लायक सांस लेने की आस में मरे लोगों की लाशें। बिजली ग्रिड फेल और अव्यवस्था व अराजकता में भटकते-भागते लोग। उत्तर भारत में सप्ताह भर में कोई दो करोड़ लोगों की मौत। किताब का यह यह भविष्य का सिनेरियो है। समसामयिक संदर्भ में विज्ञान पत्रिका 'लैंसेट' ने अपने एक अध्ययन में बताया है 2000 और 2019 के बीच, प्री-मॉनसून गर्म मौसम, में गर्मी से कोई एक लाख दस हजार अतिरिक्त मौतें थीं।

कह सकते हैं। कुछ नहीं यह कोई संख्या है। बिजली कड़कने, बाढ़, लू, सांप काटने जैसी छोटी बातों से ही भारत में असंख्य रूटिन मौतें होती हैं। तो गर्मी के कड़ाव में भी हम भारतीय जिंदा बचे रहेंगे। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वैश्विक घटनाओं के बढ़ते अनुभवों में दक्षिण एशिया को ले कर वैज्ञानिक जो सोचते हैं वह रियलिटी में तस्वीर है। तथ्य है कि 70 करोड़ की आबादी का सिंधु-गंगा मैदान पृथ्वी का सबसे गरीब, घनी आबादी और सबसे गर्म इलाका तो ऐसा होना जलवायु परिवर्तन से बढ़ने वाली गर्मी के लिए असाधारण रूप में बहुत अनुकूल है। आने वाले महीनों में इसकी शुरुआती झलक मिल सकती है। ध्यान रहे 1901 के बाद इस साल दिसंबर व फरवरी भारत के सर्वाधिक गर्म महीने थे। वैज्ञानिक गर्मी की मार या तेज (ह्यह्लह्म्ह्यह्य) को तापमान और नमी याकि ह्यूमिडिटी के कंबीनेशन के वेट-बल्ब में मापते हैं। इसका 37 डिग्री का वेट-बल्ब का तापमान स्तनधारी प्राणियों के लिए पसीने के माध्यम से गर्मी छोड़ना मुश्किल बना देता है। वैज्ञानिकों के अनुसार लगभग 31 डिग्री सेल्सियस के वेट-बल्ब की गर्मी शरीर के पसीने से सूप जितनी गर्म हवा जैसे बाहर निकलती है। शरीर में भीतर-भीतर इस वेट-बल्ब का ताप दिमाग और दिल तथा किडनी के फेल होने की संभावना बढ़ाता है। 35 डिग्री सेल्सियस के वेट-बल्ब तापमान में लोगों के लगातार रहने, उसमें जिंदगी की अवस्था रॉबिन्सन के अनुसार घातक है। ध्यान रहे नवंबर में विश्व बैंक ने यह चेतावनी दी है कि भारत वह देश है जहां वेट-बल्ब का 35 डिग्री सेल्सियस का तापमान अब नियमित होता हुआ है। मतलब जीवन सरवाइव सीमा से अधिक। तभी सवाल है कि सिंधु-गंगा घाटी के लोगों का शरीर कितना बरदात कर सकता है? पिछले साल पाकिस्तान के जैकोबाबाद शहर में हवा का तापमान 51 डिग्री जा पहुंचा था। आधी आबादी इधर-उधर भागी। वहा 42 डिग्री के तामपान पर भी जुताई-बुवाई करना जान को आफत थी।

एक और तथ्य। भारतीय मौसम विभाग ने दो दशकों से साल में औसतन 23.5 हीटवेव की चेतावनी दी। 1980 और 1999 के बीच के यह अनुभव 9.9 के वार्षिक औसत से दोगुने से अधिक हैं। 2010 और 2019 के बीच हीटवेव की घटनाओं में एक चौथाई से अधिक बढ़ोतरी हुई है इसके चलते गर्मी से संबंधित मृत्यु दर में 27 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। पिछले साल सन् 2012 की तुलना में हीटवेव के दिनों का अनुभव दोगुना अधिक था। वैश्विक मौसम एट्रिब्यूशन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन ने पिछले साल की हीटवेव को 30 गुना अधिक बना दिया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सन् 1900 से 2018 के बीच में भारत का औसत वार्षिक तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। इसने हीटवेव को बड़ा और अधिक लगातार बनाया है। घातक बात यह है कि शहरों में दो प्रतिशत अधिक तापमान होता है बनिस्पत देहाती इलाके के। क्रंकीट के जंगल और इनमें झुग्गी-झोपड़ में हवा का घूमना, चलना कम होने से गर्मी मानो उबलती सी।

यह सत्य है कि उत्तर भारत में देहात-कस्बों, झुग्गी झोपड़ियों की आबादी पूरी तरह गर्मियों में मजदूरी, मनरेगा की श्रमिक गतिविधियों से गुजर-बसर करती है। सवाल है मजदूर बढ़ती गर्मी में दिन में काम किस सीमा तक बरदाश्त करता रहेगा? इसका फिर पूरी आर्थिकी पर क्या असर होगा?

यदि जलवायु परिवर्तन ने दो डिग्री तापमान बढ़ाया जो कि बढ़ने वाला है तो दक्षिण एशिया में 31 डिग्री सेल्सियस से अधिक वेट-बल्ब तापमान का लगातार होना तय है। यह लोगों के लिए थोक में नुकसानदायी होगा। इससे खेती, पशुपालन, मजदूरी से लेकर बिजली सप्लाई सब गड़बड़ाएगी।

मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने भारत की श्रम शक्ति पर सन् 2000 में गर्मी के असर की एक रिपोर्ट दी है। इस अनुसार 1980 से पहले भारत में अत्यधिक गर्मी में आउटडोर दोपहर के वर्किंग घंटों का नुकसान अधिकतम कुल 10 प्रतिशत था वह उसके बाद बढ़ते हुए अब 15 प्रतिशत है। कुछ इलाकों में यह सन् 2050 तक दोगुना हो जाएगा। सन् 2017 में हीट-एक्सपोज़्ड काम का भारत की जीडीपी में 50 प्रतिशत था और श्रम बल का कोई 75 प्रतिशत काम। यह 38 करोड़ लोगों को रोजगार देता हुआ था।

सन् 2030 तक गर्मी में काम करने के योगदान से जीडीपी का 40 प्रतिशत हिस्सा होगा। जाहिर है खोए हुए काम के घंटों की बढ़ती संख्या से जीडीपी में 2.5-4.5 प्रतिशत या 150 से 250 अरब डॉलर के नुकसान की जोखिम है। विश्व बैंक ने भी पिछले साल चेतावनी दी थी कि जलवायु परिवर्तन के कारण पाकिस्तान की जीडीपी में 6.5-9 प्रतिशत नुकसान हो सकता है। आखिर बाढ़ हो या हीटवेव सबके बढ़ने से खेती और पशुपालन दोनों में पैदावार कम ही होनी है। इंफ्रास्ट्रक्चर का नुकसान, मजदूरी और उत्पादकता का कम होना तो सेहत की अलग समस्याएं। वैसे यह चौंकाने वाली बात लगेगी कि पिछले साल क्यों हीटवेव में मौत कम हुई? शुरुआती अनुमानों में भारत में सिर्फ 90 मौत थी। इसलिए क्योंकि पिछले साल हवा में नमी मतलब हीटवेव विशेष आर्द्रता लिए हुए नहीं थी। शरीर को खतरा ह्यूमिडिटी वाली हीटवेव से है। वैज्ञानिक सिंधु से गंगा डेल्टा के मैदान के 70 करोड़ लोगों की चिंता में इसलिए हैं क्योंकि नदी घाटी में तेज-तीखी धूप के साथ उसमें नमी, ह्यूमिडिटी के वेट-बल्ब की रियलिटी है। दक्षिण में सूखी गर्मी पड़ती है, वहां हवा में आर्द्रता कम होने से वहां का संकट अलग है, जबकि उत्तर भारत का अलग। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च ने भी अपने अध्ययन से चेतावनी दी है कि हम लोग आर्द्रता की भूमिका को नजरअंदाज करके गर्मी की चिंता करते हैं। इससे गरीब जनता के खतरों की अनदेखी होती है। जबकि खतरे कमजोर समूहों को ही अधिक हैं। उनको फोकस में रखकर बचाव के काम होने चाहिए।

कुल मिलाकर गंगा के मैदान में भीड़-भाड़ वाले गरीब इलाकों में गर्मियों में हफ्तों जिंदगी साल-दर-साल बहुत मुश्किल होती जानी है। सरकारों को सर्दियों में रैन-बसेरे के साथ अब गर्मियों से बचाने के लिए ठंठे टेंट या शीतगृह बनाने शुरू कर देने चाहिए।

सोचें, लंदन की पत्रिका इस तरह सोचते और चिंता करते हुए है। मगर भारत में सरकार और मीडिया में इस तरह चिंता करना कभी संभव है कि हम कितनी गर्मी बरदाश्त कर सकते हैं? कितनी भूख, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा बरदाश्त कर सकते हैं। पूरी सभ्यता ही जब बरदाश्त करते-करते कथित विश्व गुरू के डीएनए बनवाए हुए है तो दक्षिण एशिया जलवायु परिवर्तन में भी ज्यादा बरबाद कल होता हो तो आज हो किसे फर्क पड़ता है?

## फिल्म | आंखों की सूजन कम करना चाहते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द दिखेगा फायदा

उम्र बढ़ने और त्वचा के खराब स्वास्थ्य जैसे कई कारणों की वजह से आंखों के नीचे के क्षेत्र में सूजन की समस्या हो जाती है। हालांकि, इससे राहत पाने के लिए आपको किसी दवाई या क्रीम की जरूरत नहीं है। आप घर पर ही प्राकृतिक और घरेलू उपचार से आंखों की सूजन से छुटकारा पा सकते हैं। चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 घरेलू नुस्खे जानते हैं।

**टी बैग्स का इस्तेमाल करें**-टी बैग्स एक बेहतरीन हैक है, जिसे आप आंखों की सूजन कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। लाभ के लिए दो ग्रीन टी बैग को लगभग 5 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद उन्हें करीब 20 मिनट के लिए फ्रिज में रखें और फिर उनमें से अतिरिक्त पानी निचोड़कर आंखों पर करीब 30 मिनट तक लगाएं। आप इस्तेमाल किए हुए टी बैग्स को दोबारा इन कामों में उपयोग कर सकते हैं।

**ज्यादा से ज्यादा सोने की कोशिश करें**-आप कितने घंटे सोते हैं और किस तरह से सोते है, यह दोनों ही चीजें महत्वपूर्ण हैं। अगर आप दिन में 7 घंटे से कम सोते हैं तो आंखों की सूजन होना लाजमी है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा सोने और अपनी नींद पूरी करने की कोशिश करें। इसके अलावा सोते वक्त अपने सिर को थोड़ा ऊपर उठाएं। यह आपकी निचली पलकों में अनावश्यक तरल पदार्थ के संचय को रोकता है।

**डाइट में अधिक कोलेजन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें**-उम्र बढ़ने की वजह से भी आंखों के नीचे के क्षेत्र में सूजन की समस्या होने लगती है।

इससे राहत पाने के लिए रोजाना अधिक कोलेजन युक्त भोजन खाएं क्योंकि यह आपके चेहरे की मांसपेशियों और ऊतकों को अधिक ताकत प्रदान करता है। विटामिन सी शरीर में कोलेजन उत्पादन को बढ़ाती है, इसलिए आपको नियमित रूप से नींबू, संतरा और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

**ठंडी सिकाई से भी मिलेगी राहत**-ठंडी सिकाई से जलन या सूजन कम हो जाती है क्योंकि यह प्रभावित क्षेत्र में रक्त के प्रवाह को कम कर देती है। आंखों की सूजन कम करने के लिए सिकाई एक बढ़िया घरेलू उपचार है। लाभ के लिए बर्फ के टुकड़ों को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। आप चाहें तो फ्रिज में रखें खीरे को भी काटकर आंखों के ऊपर 20 मिनट तक रख सकते हैं।

**ठंडा दूध भी आएगा काम**-आंखों की सूजन कम करने के लिए ठंडा दूध भी मददगार साबित हो सकता है। लाभ के लिए 2 साफ कॉटन पैड लें और उन्हें ठंडे दूध में डुबो दें। इसके बाद उन्हें बाहर निकालकर उनका अतिरिक्त दूध निचोड़ लें और फिर उन्हें अपनी आंखों पर 10 मिनट के लिए रखें। अगर आप अपने दैनिक स्किन केयर रूटीन में ऐसा करेंगे तो यह आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होगा।

# बढ़ती जनसंख्या रोकने पहल क्यों नहीं ?

**अजय दीक्षित**

हिन्दू संगठन आजकल देशभर में शोर से चल रहे हैं कि तीन से चार बच्चे पैदा करो। दो अपने पास रखो दो देश के लिए दो। यह बात समझ से परे होती जा रही है कि दो देश के लिए ही सिर्फ है क्यों जबकि वह दो किसके लिए? क्या पूंजीपतियों के लिए या सिर्फ माता-पिता के लिए? जापान एक ऐसा देश जहां के लोग जो भी काम करते हैं वह यह सोचकर करते हैं कि हम अपने राष्ट्र को समर्पित कर रहे हैं। हमारे काम राष्ट्र के विकास और समृद्धि के लिए है। तो भारत जैसा देश जो कि अपने आप को विश्व गुरु कहलवाता है आज अपनी मर्यादा ही तोड़ रहा है यह कह कर कि चार बच्चे पैदा करो । विश्व में भारत जनसंख्या की दृष्टि से लगभग नंबर एक होने वाला है ।

अभी देश की जनसंख्या का रिकॉर्ड आम जनता को पता नहीं है कि वास्तव में देश की जनसंख्या कितनी है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री सवा सौ करोड़ कहते हैं और देश के आंकड़े 140 या 142 करोड़ कहते हैं । जिस देश के 80 करोड़ जनसंख्या को खाने के लिए अनाज सरकार के द्वारा हर महीने 5 किलो दिया जा रहा है, जिस देश के युवा बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर रहे हैं, जिस देश के ज्यादातर उद्योगपति देश छोड़कर विदेश भाग रहे हो उस देश में यह कहा जा रहा है कि और अधिक जनसंख्या बढ़ाइये क्योंकि देश की जनसंख्या कम है । यह बात हजम नहीं होती इतनी कठिन स्थिति के बाद लोग कैसे कह सकते हैं कि देश की जनसंख्या बढ़ाओ । देश की बेटियां अगर इतनी ही मजबूत है तो सरकार के द्वारा क्यों विभिन्न प्रकार की योजनाएं चाहे लाडली लक्ष्मी योजना हो, आंगनबाड़ी में पोषण, अस्पतालों में डिलीवरी के बाद कई प्रकार की सुविधाएं क्यों दी जा रही हैं? क्या? 5000 में बच्चे का पालन पोषण हो सकेगा स्वस्थ रुप से महंगी होती शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं से क्या हम मजबूत भविष्य और शरीर बना सकेंगे या फिर पिल्ले ही पिल्ले पैदा करेंगे जो अति कुपोषित और कई बीमारियों से ग्रसित अफ्रीका के लोगों की तरह ही होंगे। देश में पहले से ही खाद्यान्न संकट है लोगों को पेट भर दो वक्त की रोटी नसीब नहीं है। उन लोगों से 4 बच्चे पैदा करने की उम्मीद या मजबूर किया जा रहा है सिर्फ और सिर्फ इंसानियत के नाम पर एक बदजुबानी ही की जा रही है। महिलाओं से बच्चे उत्पन्न करने के लिए तो कहा जा रहा है लेकिन बलात्कार और दहेज के नाम पर ना जाने कितनी महिलाओं, बेटियों को रोज लूटा जा रहा है, मारा जा रहा है। क्या उनकी सुरक्षा के लिए वह लोग कुछ कर पाएंगे जो यह कहते हैं कि बच्चे पैदा करो? अरे भाई जब बेटियां, बहुयें सुरक्षित और स्वस्थ होंगी तभी वह दो से अधिक बच्चे पैदा कर पाएंगे कोई वह फैक्ट्री नहीं है। वह एक इंसान है जिसे उचित स्वास्थ्य सुरक्षा और खाना, शिक्षा चाहिए होती है । शायद इसलिए ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए कहा जा रहा जा रहा है क्योंकि देश में मुसलमानों की संख्या और उनके बच्चे ज्यादा हैं और हिंदू समाज जोकि 7-8 सालों से अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है या करवाया जा रहा है उनसे अधिक अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने और उनके बराबरी करने के लिए कहा जा रहा है मुझे समझ में नहीं आती की भारत में 80 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या हिंदू है फिर हिन्दू असुरक्षित कैसे? 1947 के बाद से तो कभी भी भारत की जनसंख्या या भारत का हिंदू ने अपने आप को असुरक्षित महसूस नहीं किया था लेकिन अब क्यों करने लगा है ?

क्या यह कहने वाले नहीं जानते कि देश के प्राकृतिक संसाधन इतने अधिक नहीं हैं कि वह देश के बढ़ती हुई जनसंख्या



की पूर्ति कर सकते हैं। क्या वह यह नहीं जानते की ऐसा कहने से देश में और अधिक आयात करना पड़ेगा क्योंकि देश का उत्पादन लगभग शून्य हो गया है लोगों को रहने के लिए और अधिक जगह चाहिए पड़ेगी जिससे जल, जंगल, जमीन का और अधिक दोहन होगा और प्रदूषण एवं कार्बन उत्सर्जन और अधिक पड़ेगा। आज संपूर्ण विश्व वसुधैव कुटुंबकम की भावनाओं को लेकर जी रहा है और विश्व में हर छठवां व्यक्ति भारतीय है। क्या वह भारतीय विदेशों में असुरक्षित है? क्या वहां की सरकारें उसके साथ दोहरा बर्ताव करती हूं? क्या उसको वहां सामाजिक सुरक्षा और आमदनी प्रदान नहीं की जाती हैं। अगर वह लोग विदेशों में असुरक्षित हैं तो भारत सरकार को उन्हें अपने देश में रहने के लिए तुरंत ही बुला लेना चाहिए क्योंकि आखिर वह भी तो भारतीय हैं उनका भी तो इस जमीन से रिश्ता है। ऐसा सरकार नहीं कर सकती क्योंकि उसे अरबों डॉलर की आमदनी एवं फंडिंग एनजीओ के द्वारा प्राप्त होती है तो फिर भारत के लोगों को ही आपस में क्यों लगाया जा रहा है? क्यों एक दूसरे पड़ोसी को हाथों में तलवार और बन्दूक लेकर उसका खून करने के लिए क्या मजबूर किया जा रहा है अपने ही देश में, समाज में?

## एक नजर

### प्रियंका गांधी का बस्तर में भव्य स्वागत किया जाएगा:सोनिका



**नारायणपुर, 12 अप्रैल।** बस्तर से विशेष लगाव रखने वाले गांधी-नेहरू परिवार की प्रतिनिधि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी के प्रथम बस्तर आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा ।छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस की महासचिव सुश्री सोनिका पोर्ते ने कहा कि जगदलपुर के लालबाग में आयोजित भरोसा ÷ महिला सशक्तिकरण सम्मेलन अब तक का सबसे भव्य आयोजन होगा जिसे कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी संबोधित करेंगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे बेरोजगारी भत्ता एवं प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किए गए कार्यों एवं योजनाओं का विशेष लाभ बस्तर के युवाओं एवं महिलाओं को भी मिला है वे सभी इस सम्मेलन को लेकर अत्यधिक उत्साहित है। सुश्री सोनिका पोर्ते ने बताया कि बस्तर संभाग के युवा कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता स्थानीय सांसद एवं विधायकों के मार्गदर्शन में तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में 13 तारीख को जगदलपुर में होने वाली सभा में शामिल होंगे। यह सम्मेलन बस्तर के युवाओं एवं महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश चयन परीक्षा 23 अप्रैल को

**कांकेर 12 अप्रैल ।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़, कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल एवं नरहरपुर में शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 अप्रैल रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा। चयन परीक्षा के लिए पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दपुर, शासकीय प्रेक्टीसिंग कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नरहरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर विकासखण्ड भानुप्रतापपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल, शासकीय बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट 222.द्ग्ऌद्यड्ड14ड्ड.ष्द्.ठ्ठद्ब.द्बठ्ठ/स्त्रद्बद्बह्ल-ष्ट्डह्स्त्र-स्थ्दद्ब से आवेदन क्रमांक एवं विद्यार्थी के पिता का मोबाईल नंबर डालकर डाउनलोड किया जा सकता है।

### कृषक चैनुराम नरेटी का ट्रैक्टर ट्राली खरीदने का सपना हुआ साकार

**कांकेर 12 अप्रैल ।** अंतागढ़ विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम भैंसासुर निवासी चैनुराम नरेटी अब ट्रेक्टर ट्राली का मालिक बन चुका है। ट्रैक्टर ट्राली होने से स्वयं के कृषि कार्य के अलावा आसपास गांव में भी कृषि से संबंधित कार्य कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहा है, जिससे परिवार का पालन-पोषण करने में मदद मिल रहा है।चैनूराम नरेटी ने कहा कि ट्रैक्टर खरीदने का मेरा सपना साकार हुआ है। अब मैं स्वयं ट्रेक्टर चलाता हूँ, जिससे मुझे प्रतिमाह 35 से 40 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हो रही है, जिसमें से प्रतिमाह 21 हजार रूपये का किस्त भी जमा कर रहा हूँ। जिला अंत्यावसायी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में विभिन्न स्वरोजगार योजना के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्गों के आर्थिक विकास की व्यक्तिमूलक योजनाओं का संचालन कर स्वरोजगार हेतु वित्तीय ऋण भी प्रदान किया जाता है तथा बेरोजगार युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाकर स्वावलंबी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम भैसासुर निवासी कृषक चैनुराम नरेटी 10वीं उत्तीर्ण है तथा किसान

# तुष्टिकरण व सरकार के एजेंडे की वजह प्रदेश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहे:रामू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 12 अप्रैल।** आए दिन प्रदेश के हर हिस्से से सांप्रदायिक तनाव और दंगे की खबरें प्राप्त हो रही हैं ,इसके पीछे कहीं न कहीं कांग्रेस के नेताओं की वैमनस्यता बढ़ाने वाली बयानबाजी और सरकार की तुष्टिकरण की नीति जिम्मेदार है । कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद बस्तर जैसे शांतिप्रिय जगह में भी सांप्रदायिकता ने पैर पसार लिए हैं । उक्त आरोप बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने लगाया है। बीजेपी मंडल महामंत्री और जिला पंचायत सदस्य रामू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पर हमला बोलते कहा है की कवर्धा में समुदाय विशेष की हिंसा पर प्रशासन की मौन स्वीकृति की वजह से वहां हिंदू वर्ग ने उपेक्षित



महसूस किया और न्याय की मांग की तो केवल हिंदुओं पर कार्रवाई कर मुख्यमंत्री ने जेल भेज दिया । मुख्यमंत्री के पिता लगातार हिंदुओं के विरुद्ध बयानबाजी करते रहते हैं ।नेताम कहा कि बस्तर जैसी शांत जगह पर मिशनरियों के जरिए कांग्रेस सरकार ने धर्मनातरण का कुचक्र चलाकर आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास किया और जब आदिवासी समाज ने इसका विरोध किया तो कांग्रेस सरकार ने रासुका लगाने केके धमकी देकर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया । रामू नेताम ने कहा इधर कवासी लखमा घूम घूम कर आदिवासियों को हिंदू न होने की बात कहकर आदिवासियों के बीच फूट डालने का प्रयास भी किया, और दूसरे समुदाय के लोगों का जमकर समर्थन किया जिससे उनके विधानसभा में ही तनाव पैदा हो गया था । हाल ही में एक धर्म विशेष के युवा द्वारा जिस तरह से सोसल मीडिया में हिंदू समुदाय को गाली देते हुए गौ मांस खाते वीडियो वायरल किया गया था कृत्य पूरी तरह से तुष्टिकरण की राजनीति को प्रदर्शित करता है और दो समुदायों के नीचे दंगे करवाने की साजिश जान पड़ती है। भाजपा इस घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना व निंदा करती है। उन्होंने कहा कीसाजा में भी यदि अपराधी को संरक्षण देने की बजाय सरकार कठोर कार्रवाई करती तो आज हिंदू समुदाय को न्याय के लिए सड़क में नहीं आना पड़ता ।रामू नेताम ने कहा कि केंद्र में भी सत्ता के दौरान कांग्रेस का हिंदू समाज की प्रति घृणा छुपी नहीं थी ,कांग्रेस ने भगवान राम के अस्तित्व को ही कोर्ट के समक्ष नकार दिया था ,इनके नेताओं ने राम मंदिर सुनवाई के दौरान तमाम हथकंडे अपनाए कि फैसला हिंदुओं के पक्ष में न आए पर ये विफल रहे ।सत्ता हासिल करने के बाद से ही कांग्रेस सरकार लगातार हिंदुओं को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रही है ।कांग्रेस को ये नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता स्थाई नहीं होती केंद्र में अपने कुकर्मों की वजह से आज कांग्रेस दहाई के आंकड़ों में सिमट गई है वो दिन दूर नहीं जब कांग्रेस का प्रदेश से भी सुपड़ा साफ हो जाएगा ।

## दर्शन



### कैबिनेट मंत्री 12 वर्षीय मंडई में शामिल हुए

**सुकमा 12 अप्रैल ।** कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा जिले प्रवास के दौरान सुकमा में हो रहे 12 वर्षीय मंडई में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मलकानगिरी, छिंदगढ़ जैसे अलग अलग परगना से लगभग 440 गांव से पहुंचे देवी देवताओं के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विजय स्तंभ की स्थापन कर पूजा अर्चना की गई।

### दूरस्थ ग्राम पंचायतों में लगाया जा रहा श्रमिकों का पंजीयन शिविर

**कांकेर 12 अप्रैल ।** श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत् श्रमिकों का पंजीयन शिविर लगाकर किया जा रहा है, जिसमें जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत एवं श्रमिकों के कार्य स्थल में जाकर श्रमिक पंजीयन



एवं योजनाओं की जानकारी भी दिया जा रहा है। श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन किये जाने के लिए जिले के निर्माण श्रमिकों को शासन की जन कल्याणकारी योजना से लाभान्वित किया जा सके। शिविर के माध्यम से निर्माण कार्य में संलग्न राजमिस्त्री, रेजा-कुली, बढ़ाई, पलम्बर, इलेक्ट्रीशियन, पोताई करने वाले (पेंटर), मैकेनिक, वेल्डिंग करने वाले, सड़क कर्मकार, ईंट भट्ठा, खपरा, फ्लाई, ऐष, टाईल्स मजदूर, रेत या गिट्टी मजदूर, सेंट्रिंग कर्मकार आदि प्रवर्ग में पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन के 90 दिवस पश्चात पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मंडल द्वारा संचालित 27 योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इस योजना से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मेधावी छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना,

# पंचायत सचिवों ने ब्लाक मुख्यालयों में बाइक रैली निकाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 12 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संगठन अपनी एक सूत्रीय मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीय करण को लेकर विगत 16 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद हड़ताल पर बैठे हुए हैं । हड़ताल का 27 दिन पूर्ण होने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा वार्तालाप नहीं करने के कारण सचिवों में रोष व्याप्त है , पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से शासन की महत्वकांक्षी योजना सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, बेरोजगारी भत्ता फार्म ,राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना ,किसान न्याय योजना ,गोबर खरीदी, रिपा कार्य, गौठान के समस्त कार्य ,मनरेगा के कार्य ,जन्म मृत्यु पंजीयन ,राशन कार्ड ,प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन ,सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन ,राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना ,श्रद्धांजलि योजना,



पेयजल आपूर्ति,शौचालय निर्माण ,वन अधिकार पट्टा वितरण ,स्वामित्व योजना सर्वेक्षण ,ग्राम सभा ,बजट निर्माण, समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम होने से लेखा-जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है । पंचायत सचिव संगठन के जिला अध्यक्ष गिरीश कश्यप एवं सोशल मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह अजमेरा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं करने के कारण एवं सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालय में बाइक रैली निकालकर माननीय भूपेश बघेल जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा ,बाईक रैली सुबह 10ः00 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालय से निकलेगी एवं जिला मुख्यालय में पहुंचकर विशाल बाइक रैली का रूप लेते हुए कलेक्टर कार्यालय मैं शासकीय करण का ज्ञापन सौंपकर समापन किया जाएगा । इसके बाद भी शासन हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेगी तो आगामी होने वाली 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती के दिन ग्राम सभा का बहिष्कार करते हुए ब्लॉक मुख्यालय में विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें ब्लॉक के सभी नीचे स्तर के जनप्रतिनिधि सम्मानीय सरपंच गणों की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा । संगठन द्वारा आगे बताया गया कि शासन/प्रशासन द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीय करण के संबंध में कोई पहल नहीं करते हुए 24 घंटा में वापस लौटने का अल्टीमेटम जारी किया गया था जिसे ब्लॉक स्तरीय धरना स्थल में आदेश की प्रति को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया ।अभी कुछ जिला के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सचिवों के प्रतिनिधि को बुलाकर कार्य पर वापस लौटने का दबाव बनाया जा रहा है जो न्यायोचित नही है ,पंचायत सचिव का प्रभार सहायक अंतरिक लेखा करारोपण अधिकारी एवं रोजगार सहायक को सौंपने का आदेश जारी किया गया है , आदेश का विरोध करते हुए सहायक आंतरिक करारोपण अधिकारी के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश शुक्ला जी पंचायत सचिव के हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रभार नहीं लेने हेतु शासन प्रशासन को ज्ञापन दिया गया एवं रोजगार सहायक संघ कोंडागांव के जिला अध्यक्ष द्वारा भी प्रभार नहीं लेते हुए सचिव संगठन के हड़ताल के समर्थन में ज्ञापन दिया गया है । यदि हमारी मांगों पर शासन प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल , भूख हड़ताल ,आमरण अनशन करने के लिए संगठन बाध्य होगा।

# विधायक ने 21 युवाओं को दिया बेरोजगारी भत्ता आदेश

**दंतेवाड़ा, 12 अप्रैल ।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 21 युवाओं को विधायक श्रीमती देवती महेंद्र कर्मा, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रतीकात्मक स्वीकृति आदेश युवाओं को वितरण कर युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री सुभाष सुराना, जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुलोचना कर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाए जा रहे है। अब पूरे राज्य में बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा ने कहा कि युवाओं के लिए बहुत ही खुशी की बात है। अब बेरोजगार युवाओं को अब 25 सौ रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। जिससे युवा अब आत्मनिर्भर बन सकेगे। जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुलोचन कर्मा ने बेरोजगार युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि अब युवा आगे बढगे।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई है। इसी के तहत दंतेवाड़ा जिले में भी बेरोजगारी भत्ता के पंजीयन का कार्य 01 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए पोर्टल की व्यवस्था भी की गई है। बेरोजगारी भत्ता हेतु पंजीयन के लिए https://berojgaribhatta.cg.nic.in पोर्टल उपलब्ध है। आवेदक इस पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं, प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत अब तक कुल 351 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। 320 आवेदकों को वेरिफिकेशन एसएमएस प्रेषित किया गया था, जिनमे से 232 आवेदकों का वेरिफिकेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब तक 85 आवेदकों को पात्र करने हेतु अनुशंसित किया गया है। 21 पात्र आवेदकों को प्रतीकात्मक स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया है।

### एक साल पुराना आय प्रमाण पत्र होगा अमान्य

दंतेवाड़ा, 12 अप्रैल 2023। जिला रोजगार अधिकारी ने बेरोजगारी भत्ता योजना हेतु इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवा www.berogaribhatta.cg.nic.in का अवलोकन कर आवेदन भर सकते हैं आवेदन से पूर्व निर्देशिका में उल्लेखित पात्रता एवं अपात्रता की शर्तों को ध्यान से पढ़ें तथा आय प्रमाण पत्र के संदर्भ में विशेष ध्यान रखे की आय प्रमाण पत्र आवेदन तिथि से एक वर्ष से अधिक पुराना न हो। यदि आय प्रमाण पत्र एक वर्ष से अधिक पुराना हो तो आवेदक सर्वप्रथम नवीन आय प्रमाण पत्र बनवाने के पश्चात् ही आवेदन करें।

## समाचार संक्षेप

### हवाई हमले की निंदा करती है भाकपा

**सुकमा, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुछ दिन पहले पामेड़ क्षेत्र के ग्राम जब्बागटटा, मीनागटटा, काउरगटटा, भट्टीगुडा आदि गांवों मे फिर से ड्रोन व्दारा बमबारी करने की खबरें प्रसारित हो रही है, ड्रोन से ही नही बल्कि इस बार हेलीकाप्टर से भी प्रातः 05 से 06 बजे के दरम्यान आसमान से बम गिराये गये। इस बमबारी से कईयों के घायल होने की खबरें भी आ रही है। दर-असल यह महुआ बिनने का मौसम है लोग सुबह 4 बजे से महुआ बिनने घरो से निकलकर जंगल चले जाते है और यह उसी वक्त की घटना है।महुआ फूल बिनने के साथ ही आदिवासियों का सबसे प्रमुख त्यौहार(पण्डुम) बीज पण्डुम शुरु हो जाता है। पहले यही बीज पण्डुम मनाने के दौरान सारकेगुडा, एड़समेटा गाँव में फोर्स व्दारा एकत्रित ग्रामीणों को रात्रि में घेर कर फायरिंग मे मार डाला गया था। संदेह स्वाभाविक है कि आसमान से बम गिराने से बहुत बडी सारकेगुडा घटना से भी बडी घटना हो सकता है।सवाल यह है कि अभी सीआरपीएफ की स्थापना दिवस के मौके पर बस्तर मे आकर देश के केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा था कि नक्सलवाद काबू में है या नियत्रंण मे है, जब नियत्रंण मे है तो ऐसे बमबारी की जरूरत क्यों? दुसरा क्या देश के भीतर देशवासियों के ऊपर हवाई हमला नहीं करने का राष्ट्रीय नीति को मोदी सरकार व्दारा बदल दिया गया है? तीसरा यह कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का इस हवाई हमला में क्या भूमिका है? राज्य सरकार के बगैर ऐसे हमला कैसे सम्भव है? इन सवालों के सन्दर्भ में देखने व सोचने से स्पष्ट हो जाता है कि ये सब मामलों में भाजपा - कांग्रेस मे कोई फर्क नही है। हमारी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इन हवाई हमलों की कडी निन्दा करती है, और मांग करते हैं कि ऐसे घटना की पुनरावृत्ति न हो।



### स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रारंभ, अंतिम तिथि 5 मई

**सुकमा, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में नये सत्र का प्रवेश हेतु ऑनलाइन ऑफलाईन आवेदन 05 मई तक किये जा सकते है। आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है।सुकमा जिला अंतर्गत पूर्व में संचालित 7 सेजेस विद्यालयों अंग्रेजी माध्यम पावारास, कोन्टा, छिन्दगढ़, दोरनापाल, कुकानार व तोंगपाल एवं हिन्दी माध्यम बालक स्कूल सुकमा में तथा सत्र 2023-24 में संचालित होने वाली 18 नवीन हिन्दी माध्यम सेजेस विद्यालय हाई स्कूल कोर्रा, मुरतोण्डा, रामाराम, गादीरास, बुड़दी, पाकेला, छिंदगढ़, पेंदलनार, तालनार, डुब्बाटोटा सहित हायर सेकेण्डरी कन्या शाला सुकमा, कन्या शिक्षा परिसर, गादीरास, झापरा, पुसपाल, तोंगपाल, एर्राबोर और जगरगुण्डा में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन-ऑफलाईन आमंत्रित किया जा रहा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 मई 2023 तक है।

### जादू-टोना के शक में हैवान बना शख्स

**सुकमा, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सल प्रभावित चिंतलनार थाना क्षेत्र नरसापुरम गांव में बीती रात एक ग्रामीण की जादू-टोना के शक में हत्या की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले गांव के एक व्यक्ति की किसी बीमारी से मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि मृतक के भाई का शक गांव के ही मड़कम बंडी पर था, जिसके बाद कल रात मड़कम बंडी के घर पहुंचकर कवासी हांदा नाम के व्यक्ति ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। फिलहाल चिंतलनार थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नक्सल प्रभावित इलाक़ा होने की वजह से पुलिस सावधानी पूर्वक पूरे मामले की जांच कर रही है।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का औचक निरीक्षण

**कांकेर 12 अप्रैल ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिला कोषालय कांकेर के स्ट्रांग रूम का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा स्ट्रांग रूम में रखे हुए जनरल स्टाम्प, कोर्ट फीस, कापिंग, एडीसिव, नोटरी, रेवेन्यू एवं बहुमूल्य वस्तुओं के पैकेट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गौरीशंकर नाग एवं जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम सहित कोषालय के स्टाफ मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा वर्ष में दो बार जिला कोषालय का निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात आज कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिला कोषालय का निरीक्षण किया गया।



### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 12 अप्रैल।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा अतंर्गत वर्तमान में 01 सहायिका पद आंगनवाड़ी केन्द्र बालूद स्कूलपारा रिक्त हैं। उक्त पदों पर विभागीय नियमानुसार नियुक्ति की जानी है। इस हेतु संबंधित ग्राम पंचायत से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 25 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने हेतु सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसो में कार्यालयीन समय पर कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

### पंचायत उप चुनाव के लिए मतदाता सूची प्रकाशित

**दंतेवाड़ा, 12 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2023 हेतु जनपद पंचायत कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत मैलावाड़ा तथा जनपद पंचायत कटेकल्याण अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुड़से कुल 02 ग्राम पंचायतों के प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 10 अप्रैल 2023 को प्रातः 10 बजे किया गया है एवं प्रकाशन दिनांक से निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा-आपत्ति लेने का कार्य किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में दावा-आपत्ति प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नाम जुड़वाने हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में दर्ज होना आवश्यक है। प्राधिकृत कर्मचारी के पास निर्वाचक नामावली में नाम जुडवाने, विलोपित एवं संशोधन कराने हेतु 10 अप्रैल से 16 अप्रैल 2023 तक प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस 17 अप्रैल 2023 को अपराह्न 3 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिन मतदाताओं के नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है या अन्य निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज है वे मतदाता संबंधित ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाले निर्वाचक नामावली में अपना नाम शामिल कराकर संबंधित रजिस्ट्रीकरण अथवा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष निर्धारित प्रारूप में 27 अप्रैल 2023 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# अजोला उत्पादन तकनीक को बढ़ावा देने अजोला बेड का किया वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 12 अप्रैल। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून के द्वारा संचालित परियोजना पारितंत्र की सेवाओं में सुधार परियोजना के अंतर्गत नरहरपुर ब्लॉक के 15 गांव में अजोला तकनीक को बढ़ावा देने हेतु 1176 किसानों को अजोला ग्रोइंग बेड का वितरण कार्यक्रम पिछले 10 दिनों से प्रारंभ किया गया था जो की बुधवार दिनांक 12 अप्रैल को संपन्न किया गया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून छत्तीसगढ़ राज्य में 5 वन परिक्षेत्र में परियोजना का संचालन कर रही है जिसके अंतर्गत क्षेत्र विस्तार हेतु नरहरपुर विकासखंड को नवीन रूप से चयनित करते हुए 15 ग्रामों में पशुपालन , बकरी पालन और मुर्गीपालन को बढ़ावा देने हेतु वर्षभर हरा चारा उपलब्धता हेतु के अजोला बेड का वितरण कर स्थापना का कार्य जोरों शोरों से शुरुवात किया गया है। अजोला बेड का स्थापना करके अजोला बीज वितरण किया जाएगा।




परियोजना के राज्य समन्वय सलाहकार श्री देवेन्द्र कुर्रे ने बताया कि अजोला एक जलीय फर्न है जो की पानी में रहता है, यह धान के खेत में वायुमंडलीय नाइट्रोजन का फिक्सेशन कर धान के पौधे को नाइट्रोजन प्रदान करती है जिससे यूरिया जैसे रसायनिक खाद का उपयोग को कम किया जा सकता है, यह एक पौष्टिक हरा चारा भी है जिसे दुधारू पशु को खिलाने से दूध की मात्रा में वृद्धि होती है साथ ही इसे मुर्गी को चारा के रूप दिया जाता है।नरहरपुर विकासखंड में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून की परियोजना आने पर ग्रामीण जनों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। पारितंत्र सेवाएं सुधार परियोजना भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी परियोजना है जिसका मुख्य उद्देश्य वन के आसपास रहने वाले समुदायों के लिए वन की गुणवत्ता में सुधार करना भूमि प्रबंधन और गैर काष्ठ वन उत्पाद लाभ में सुधार करना है। इस परियोजना के अंतर्गत सतत भूमि एवं पारितंत्र प्रबंधन स्लैम की सर्वोत्तम प्रणालियों का विस्तार करते हुए भूक्षरण और मरुस्थलीकरण को कम करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें राज्य में मुख्य रूप से वर्षा जल संचयन से जल संसाधनों का संवर्धन जैव विविधता संरक्षण और जीविकोपार्जन हेतु लाख की खेती, वाड़ी विकास ,श्री विधि द्वारा धान की सघनीकरण प्रणाली, सतत भूमि उत्पादकता हेतु एकीकृत कृषि विकास अंतर्गत केंचुआ खाद उत्पादन और उन्नत बीज का वितरण, जलवायु रोधी मछली पालन, पारी पुनरुद्धार और संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण करने हेतु स्व सहायता समूह का संवर्धन और पारितंत्र सेवाएं सुधार हेतु उन्नत चूल्हा का वितरण जैसे गतिविधि कर पारितंत्र की सेवाओं में सुधार की मुहिम जारी है।

# विभागीय उदासीनता के चलते अधूरा नहर लाइनिंग निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, /पांडुका।** विभागीय उदासीनता के कारण पूर्व स्वीकृत नहर लाइनिंग का कार्य अब तक अधूरे पड़े हुए हैं। इस अधूरे लाइनिंग कार्य को पूरा करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनेक बार एसडीएम सहित जिले के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। और अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने आवेदन भी लगाया जा चुका है, लेकिन सिंचाई विभाग के उदासीन रवैया के चलते नहर लाइनिंग का कार्य शुरू ही नही पा रहा है। विधायक के प्रयास से सिकासार पैरी परियोजना सिंचाई विभाग द्वारा सब डिविजनल फिंगेश्वर के अंतिम छोर गांव पसौद तक नहर लाइनिंग का काम प्रस्तावित हुआ है जो कि विगत वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है। विभाग द्वारा इस नहर लाइनिंग कार्य को ग्राम पेंड्रा तक किया गया है। उसके बाद का लाइनिंग कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। वही जहां तक लाइनिंग कार्य हुआ है उसमें भी विभागीय अधिकारी व ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। क्षेत्र के जनपद सभापति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजिम पूजा बंसल को लगातार अवगत कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि ग्राम पसौद सिकासार पैरी परियोजना सिंचाई विभाग का सबसे अंतिम गांव है। जिसके चलते खरीफ फसल में सिंचाई के लिए किसानों को काफी मशक्कत के बाद खेतो में पानी पहुंचता है। टेल एरिया होने के कारण बहुत से रकबे में



किसानों द्वारा लगाया गया फसल ठीक से नही पकने के कारण उत्पादित फसल की कीमत लागत के अनुरूप नही मिल पाता है। यह नहर लाइनिंग कार्य विभाग व ठेकेदार के निष्क्रियता के चलते अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी राजिम एसडीएम को अधूरे कार्य को जल्द प्रारंभ करने अवगत कराकर अति शीघ्र काम चालू करने को मांग पत्र दिया गया था। जिनका अभी तक कोई क्रियान्वयन नही हुआ है। किसानों की मांग है कि आगामी खरीफ फसल तक हमारा लाइनिंग का काम ग्राम पसौद के अंतिम छोर तक हो जाना चाहिए। अन्यथा उग्र कदम उठाते हुए पसौद, सिर्री कला, पोलकर्रा, पाली, पेंड्रा के किसानों के साथ चक्का जाम करने के लिए बाध्य होने की बात कहा गया है।और वही पांडुका सब डिवीजन के ग्राम अतरमरा, कुम्हर मरा, मुरमुरा के पास चल रहे नहर लाइनिंग के कार्य में भारी लोचा दिखाई पड़ रहा है बिना किसी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी के देखरेख ठेकेदार और उनके आदमी आनन फानन में कार्यो को जैसे तैसे अंजाम देने में लगे है ।और कार्य पूरा भी नही हुवा अभी से भ्रष्टाचार की दरारे उभरने लगे हैं।वो तो ऊपर वाले भगवान का शुक्र है। की कुछ दिनों पहले जो बारिश हुई उसमे पानी तराई हो गया जिससे नहर लाइनिंग के इस कार्य में भगवान ने मदद कर दी नहीं तो आज कई दरारें और भी ज्यादा दिखाई देता । यहा भी विभागीय उदासीनता के कारण अधिकारी कर्मचारी और ठेकेदार की मिलीभगत से जमकर धांधली का खेल चल रहा है । बिना डंपिंग किए सीधा क्रांकीटीकरण किया जा रहा है । नतीजा अभी से टूटने लगी है ।और साल भर होते होते जगह जगह और जायदा टूटने लगेंगे ।जैसे की पहले के इनके नहर लाइनिंग कार्य में दिख रहा है।

# मोर छड़ी का झाडा के साथ निकली खाटु नरेश की निशान यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 12 अप्रैल।** सूरजगढ से निशान उठाने आये हजारीलाल इंदौरिया महाराज की मौजुदगी मे श्याम निशान यात्रा के दौरान हजारो भक्तो ने मोरछडी का झाडा लगवाया। भक्त एक बार मोरछडी से झाडा लगवाकर अपने कष्ट दूर करते हुये खाटु नरेश का आर्शीवाद पाना चाह रहे थे। दिन सोमवार को संध्याकालिन 5 बजे अंबिकापुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर से खाटु नरेश की निशान यात्रा निकाली गयी। यात्रा मे महिला-पुरूष,बच्चे,बालिकायें एक जैसी वेशभूषा मे निशान थामे हुये थे। सभी की जुंबा पर जय श्री श्याम के नारे गुंज रहे थे। डी.जे.ढोल नगाडो की धून पर दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा की शुरूवात हुयी,जिसकी भव्यता देखते ही बन रही थी। अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल,उपाध्यक्ष सुशील अग्रवाल,प्रवीण अग्रवाल,सचिव सुनील अग्रवाल,महावीर अग्रवाल,रमेश गोयल,नरेश गोयल,नटवर अग्रवाल एवं अन्य श्याम सेवा समिती के सदस्यो ने प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्ष को भव्य बनाने की बेहद तैयारियां कर रखी थी। दिन मंगलवार को निशान यात्रा के लिए शहर के अलावा आस-पास क्षेत्र के



भी श्याम प्रेमी यहा पहुंचे हुये थे। तीनो मार्गो का निशान यात्रा ने भ्रमण किया। जय श्री श्याम के नारे देर रात तक कानो मे सुनायी देते रहे। नवनिर्मित श्याम मंदिर मे निशान यात्रा ने विश्राम लिया,जहा श्याम रसोई मे श्रद्धालु लजीज पकवान का लुफ्त उठाये।।

**निशान का महत्व**-खाटु नरेश श्याम की अराधना निशान चढाये बगैर अधूरी मानी जाती है। कहा जाता है कि अपनी मन्नतो पर श्याम कृपा बरसाने के लिए खाटु नरेश के दरबार मे निशान चढाना आवश्यक है। खाटु धाम मे निशान यात्रा राजस्थान के रिंगस नामक स्थान से शुरू की जाती है,जिसमे हर वर्ष लाखो लोग भाग लेकर अपनी मन्नतो का निशान श्याम दरबार मे चढाया करते है। राजस्थान सूरजगढ से आये प्रथम ध्वज के सरंक्षक हजारीलाल इंदौरिया महाराज ने बताया कि सनातन संस्कृति में ध्वज को विजय का प्रतीक माना जाता है। श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है,जिसमे उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था।

**श्याम भजनों ने बांधा समा**- सूरजगढ राजस्थान के अलावा कोतबा से संदीप शर्मा भजनो की संध्या को सजोने श्याम दरबार आये हुये थे। सूरजगढ़ के कलाकारो के अलावा संदीप शर्मा ने एक से बढकर एक श्याम भजनो की प्रस्तुति दी। सूरजगढ से आये भजन गायक राजेश शर्मा व सुनील शर्मा ने श्याम भजनो से श्रद्धालुओ को देर रात तक मंच मे रोके रखा। दिन मंगलवार को निशान यात्रा के बाद भजन संध्या का कार्यक्रम श्रद्धालुओ के लिए बेहद खास रहा।।

# गौठानों में गोबर खरीदी के साथ ही वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में लाएं तेजी:कलेक्टर

**रायगढ़, 12 अप्रैल।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहीं लापरवाही मिलती है तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम श्री संबित मिश्रा उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने विकासखंडवार गौठानो में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट विक्रय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कुछ विकासखंड में खरीदी अच्छी हो रही है लेकिन धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा में खरीदी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखण्ड में योजना की धीमी प्रगति को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कृषि विभाग के अमले को इसके लिए फील्ड स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्मी कंपोस्ट निर्माण कृषि विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं चलेगी। उप संचालक कृषि को सभी आरएईओ को गौठानों की फील्ड मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अमले को भी इस कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि सभी गौठान सक्रिय हो तथा वहां नियमित रूप से खरीदी हो।

## समाचार संक्षेप

### मरार समाज ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती



**बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मरार समाज ने जिला मुख्यालय मे मनाई महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती सर्व समाज हुआ शामिल दिनाँक 11 अप्रैल को जिला मुख्यालय बीजापुर में मरार समाज ग्राम समिति बीजापुर द्वारा महत्मा ज्योतिबा फुले की 196वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें (एस टी एस सी ओ बी सी ) सर्व समाज को विशेष आमंत्रित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व समाज के पदाधिकारियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्रीमान अशोक तालंडी थे । आज इस जयंती के मुख्य प्रवक्ता के रूप में महार समाज से जिला कोषाध्यक्ष श्रीमान कैलाशचंद्र रामटेके ने फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महात्मा फुले जी एवं उनकी धर्मपत्नी सावित्री बाई के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पहली महिला शिक्षिका होने का श्रेय उन्ही को दिया कहा कि दलितों पिछड़ों के उत्थान वा शिक्षा के क्षेत्र मे काम करने के कारण उन्हे महात्मा की उपाधि विट्टल राव कृष्ण जी वंदेकर ने दी । उरांव समाज के जिला अध्यक्ष श्रीमान कमलेश पैंकरा जी ने मरार समाज द्वारा आयोजित जिलास्तरीय फुले जयंती के कार्यक्रम को खूब सराह। दोरला समाज के जिला अध्यक्ष श्रीमान बसमैया अंगनपल्ली ने फुलेजी की जीवनी पर प्रकाश ढ्डालते हुए आने वाले वर्ष में सर्व समाज मिलकर जयंती को वृहद स्तर पर मनाने पर सुझाव दिया। सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष श्रीमान मनीष सोनवानी ने फुलेजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज में जो अंधविश्वास रूढ़ीवादी थी उसके विरोध में किए गए कार्यों पर अपने विचार रखे। यादव समाज से अध्यक्ष प्रशांत यादव ने भी अपने विचार रखते हुए फुले जी को बाबा साहब ने अपना गुरु और उनके अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया। गोंडवाना समाज से श्रीमान अमित कोरसा जी ने भी अपने विचार रखते हुए उनके संदेश को पूरे समाज तक पहुंचने की जिम्मेदारी लेने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान अशोक तलंडी ने फुले जयंती पर अपने विचार रखते हुए विस्तार से प्रकाश डाला एवम अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए दृढसंकल्पित रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में भतरा समाज से श्रीमान दशरथ कश्यप, गोंड समाज से श्रीमान अशोक अवलम, तेलंगा समाज से श्रीमान मँगल राम रोटेल, एवं अन्य प्रवक्ता के रूप में श्री कमलदास झाड़ी,श्री अजय दुर्गम, श्री पुरुषोत्तम चंद्रकार ने अपनी कविता से समाँ बाँधा । बसंत मामड़ीकर होमी झाड़ी , और साहू समाज के अमृत दास साहु उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष श्री गोतुल रामू, उपाध्यक्ष श्री सुदेश गुरला,संरक्षक श्री के मडनैया जी, सचिव बोरला कृष्णा राव एवं बी अशोक, शिव कुमार बोरला,विनोद बोरला,अनिल गुरला तुलसीदास गुरला,ईश्वर गुरला,जगमोहन गौतुल, छोटूएवम महिला शक्ति से श्रीमती कामेश्वरी गोतुल, श्रीमती नीलाबाई लंबाडी का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन श्री मनोज कावटी ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री अजय गुरला ने सर्व समाज से उपस्थित पदाधिकारियों को धनयवाद देते हुए आभार व्यक्त किया एवम कार्यक्रम की समापन की घोषणा की। सचिव बोरला कृष्णा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

### बालक आश्रम के 18 बच्चे कोरोना पाजिटिव पाये गये



**बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के भैरमगढ़ बालक आश्रम में कोरोना की दस्तक। आश्रम में पढ़ने वाले 18 बच्चे कोरोना पाज़िटिव पाये गये है। कोरोना संक्रमण से जिले में हड़कंप मचा है। भैरमगढ़ ब्लाक के बालक आश्रम हिंगुम और बालक आश्रम छोटेपल्ली के ये बालक संक्रमित पाये गये है। उक्त दोनों आश्रम में सर्दी खांसी की शिकायत मिलने से जांच के दौरान एंटीजेन टेस्ट में पहले तीन बच्चे पॉजिटिव पाये गये थे, सभी बच्चों की जांच करने पर 15 और संक्रमित मिले इस तरह 18 बच्चों को कोरोना पाज़िटिव पाया गया। सभी संक्रमित बच्चो को आश्रम के अलग कमरें में क्वारंटाइन किया गया है। भैरमगढ़ बीएमओ संदीप कश्यप ने जानकारी दी है। डां. संदीप ने बताया कि दोनों आश्रम के 89 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कोरोना पाज़िटिव बच्चों को आवश्यक दवाएं दी गई है। स्वास्थ्य अमला के साथ आश्रम के कर्मचारियों द्वारा देखभाल की जा रही है। जिला नोडल अधिकारी डाक्टर विकास गवेल ने बताया कि हमारे पास अभी 3 बच्चों के संक्रमित होने की जानकारी आई है। भैरमगढ़ में जांच की प्रक्रिया चल रही है, संभावना है, और बच्चे भी संक्रमित मिले।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने शासन की पहल

**बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन की नक्सली पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों की सुरक्षा एवं पुनर्वास कार्ययोजना के तहत समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा जिला पुनर्वास समिति की अनुशंसा पर आत्मसमर्पित नक्सलियों को सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत राकेश माड़वी, दुला पूनेम, कारम सोमारू, सुरेश माड़वी, जमली कुरसम, राधा कुड़ियम, शंकर कश्यप, राजू पुनेम एवं सुखराम गायता प्रत्येक को प्रोत्साहन स्वरूप अनुग्रह राशि 10-10 हजार रूपये प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

### कोविड से बचाव की तैयारी को लेकर किया गया मॉकड्रिल

**रायगढ़, 12 अप्रैल।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर रायगढ़ जिले में कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की टीम भी भ्रमण कर तैयारियों का परीक्षण किया। जिला अस्पताल सहित समस्त सी.एचसी, पीएच.सी में मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत विविध प्रकार के जीवन रक्षक मेडिकल उपकरणों को शुरू कर उनकी क्रियाशीलता जांची गयी एवं दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा की गई।

## एक नजर

### गुमशुदा नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला

**पाटन ,12 अप्रैल।** प्रार्थी तुलेश कुमार बंजारे सुभाष चौक डुण्डेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लडकी दिनांक 06/04/23 को दोपहर करीबन 1.30 बजे शास0 आस्पताल डुण्डेरा जा रही हूँ कह कर घर से निकली थी जो दिनांक 07/04/23 तक घर वापस नहीं आई । विवेचना के दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन से पता चला कि पीडिता / गुमशुदा दिनांक 06/04/23 को शाम सिकंदराबाद तेलंगाना वाली ट्रेन में बैठकर गई है कि दिनांक 08/04/23 को गुमशुदा पता तलाश हेतु पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर के निर्देशानुसार बाना प्रभारी उतई मनोज प्रजापति: के नेतृत्व में थाना उत्तई से टीम बनाकर पीडिता / गुमशुदा का पता तलाश करने टीम सिकंदराबाद रवाना हुआ सिकंदराबाद पहूच कर बाल कल्याण केन्द्र सिकराबाद रेलवे स्टेशन में फोटो दिखलाकर पहचान करवाया जो गुमशुदा को दिनांक 07/04/23 को रेलवे स्टेशन में मिलना एवं सखी सेन्टर में रखना पता चला कि नाबालिक लड़की को दिनांक 09/04/23 को 11.30 बजे बरामद कर उनके माता पिता के सुपुर्द किया गया विवेचना में पाया कि नाबालिक लड़की घर में बिना बताये नागपुर जा रही थी जो ट्रेन में बैठकर निकली थी जो नींद आ जाने से नागपुर ना उतर कर सिकंदराबाद पहुंच जाना बताई है तथा प्रार्थी विजय कुमार पटेल पिता कार्तिक राम उम्र 42 साल सा0 ग्राम खोपली पटेल पार ने उपस्थित आकर बताया कि इनका सबसे बड़ा लड़का उम्र 16 साल जो कक्षा 09वी कि पढाई कर रहा था जो दिनांक 10/02/23 को 10.00 बजे दिन में पिता के द्वारा 2000रू के खुले करवाने के लिये साथ में घर के स्कुटी म्र ष्ट्र 07 क्क्4723 को लेकर गया था जो वापस नहीं आया गुमशुदा नावालिक होने से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा मां बाप के संगरक्षण से यहलापुसला कर ले गया होगा कि रिपोर्ट पर अपराध क 47/ 23 वारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पता तलाश के दौरान ज्ञात हुआ कि ग्राम चंद्रखुरी फार्म रायपुर के फल विक्रेता के दुकान में होने कि सुचना पर पता तलाश हेतु अनुविभागीय अधिकारी पाटन श्री देवांश सिंह राठौर के निर्देशानुसार थाना प्रभारी उतई मनोज प्रजापति एवं चौकी प्रभारी श्याम सिंह नेताम के नेतृत्व में थाना उतई एवं चौकी मंचान्दुर से टीम बनाकर पीडित / गुमशुदा का पता तलाश करने टीम ग्राम चंद्रखुरी थाना मंदिरहसोद जिला रायपुर के लिये रवाना हुआ व ग्राम चंद्रखुरी फार्म में पहुंच कर वहा पिडित के फोटो दिखाकर पहचान करवाये तो ज्ञात हुआ कि पुनित राम देवांगन के फल दुकान में काम करने वाले लड़का है जो नावालिक है जिसे दिनांक 10/04/23 के शाम 16.00 बजे बरामद कर उसके पिता को सुपुर्द किया गया पिडित से पुछताछ करने पर पिता के द्वारा रोज रोज हाट बाजार सब्जी बेचने के लिया ले जाने के लिये नराज होकर भिलाई, रायपुर, माहासमुंद, गरियाबंद वापस रायपुर लाल पुर फल मंडी से चंद्रखुरी जाना बताया है एवं फल दुकान में नोकरी करना बताया ।उक्त कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज प्रजापति उप निरीक्षक श्याम सिंह नेतान सउनि नेमन सिंह साहू आरक्षक लक्ष्मीनारायण शुक्ला आरक्षक चरण देशमुख की सराहनीय भूमिका रही ।

# बोर में पानी नहीं, खेत में लगी फसल पानी के बिना सूख रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम / फिंगेश्वर,12 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की मुख्य फसल धान का है, लेकिन बीते 10 से 15 सालों में किसानों द्वारा रबी सीजन में दलहन तिलहन की फसल छोड़कर धान की फसल अपनाने के कारण बोरवेल के माध्यम से लगातार भूजल का दोहन हो रहा हैं। नतीजतन 40 फिट में मिलने वाले पानी के स्त्रोत आज वर्तमान समय में लगभग 100 फिट में पानी का स्त्रोत मिल रहा है। लिहाजा रबी सीजन में धान की सिंचाई के लिए खेतों में खोदे गए बोरवेल में पानी की धार पतली होने के साथ साथ ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों के गांवो में बोरवेल पूरी तरह सूख गया है। जहां से सिंचाई के लिए पानी निकलना पूरी तरह बंद हो गया है। जहां धान की फसल पानी सिंचाई के अभाव में झुलस कर दम तोड़ रही हैं।

ऐसे ही ब्लॉक के ग्राम सरकड़ा, बोरिद, जामगांव, सरगोड़-भेंड़री, पतोरी, पतोरा, सिर्रीखुर्द, परतेवा, कोमा, बेलटुकरी, आदि गांवो के लगभग आधे से ज्यादा कृषि भूमि क्षेत्रों में भूजल स्तर पूरी तरह सूख गया है। वही जिन क्षेत्रों में बोरवेल चल रहा है, उन बोरवेल से भी धार पतली हो गई हैं। जो पूरी तरह धान की फसल को पकाने में सक्षम नहीं दिख रहे हैं।



**10 से 15 वर्षो में रबी फसल पर बोरवेल से सिंचित धान फसल का रकबा काफी बढ़ा**

रबी में धान की फसल का रकबा बढ़ने से गिर रहा वॉटर लेबल- पिछले 10 से 15 वर्षो में रबी फसल पर बोरवेल से सिंचित धान फसल का रकबा काफी बढ़ा है। 10 से 15 वर्ष पहले क्षेत्र में 40 से 50 फिट में पर्याप्त पानी का स्त्रोत था। जो आज गिर कर 90 से 100 फिट की गहराई में पानी का स्त्रोत मिल रहा है। अनेक जगह तो ऐसे भी है कि 150 फिट गहराई में पानी का स्त्रोत हैं। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले 10 वर्षो में क्या स्थिति निर्मित हो सकती हैं। वही कुछ बड़े किसान अपनी खेतो में बोर करा कर छोटे किसानों को पानी बेच रहा है। कुछ लोग ऐसे भी है, जो कृषि कार्य नही करते है। वे सिंचाई के लिए पानी से पैसे कमाने के उद्देश्य से बोर कराकर दूसरे किसानों को पानी बेच रहे हैं। शासन प्रशासन जल्द ही इस पर कोई ठोस पहल नही किया तो आने वाले दिनों में समस्या और भी विकराल हो सकता है।

# नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी गये तीन दिन की हड़ताल पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 12 अप्रैल।** नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारीयों ने आज हडताल कर दी। अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर प्लेसमेंट के दर्जनो कर्मचारी तीन दिनो तक हडताल मे रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के नाम उन्होने पत् लिखकर हडताल का आगाज किया है। छ.ग. नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर यहा भी हडताल की शुरूवात हो गयी,जिसके कारण आज सुबह लोगो के घरो मे कचरा इकट्ठा दिखायी दिया। रोज की तरह कचरा उठाने वाली वाहन भी चलती दिखायी नही दी। कुछ देर के लिए नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने कचरा वाहन चलाकर लोगो के घरो का कचरा इकट्ठा किया,परंतु प्लेसमेंट कर्मचारीयों की तीन दिवसीय हडताल के कारण शहर के अधिकांश जगहो पर कचरे का ढेर दिखायी दे रहा था। महासंघ के पदाधिकारीयों का कहना है कि शासन उनकी मांगो की ओर ध्यान नही दे रहा है,उन्होने बताया कि तीन सूत्रीय मांगो के समर्थन मे 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक सामुहिक अवकाश पर रहेंगे। उनके द्वारा जिले मे धरना प्रदर्शन मे शामिल होने की भी बात लिखी है,कर्मचारी बताते है कि नगरीय निकायो मे प्लेसमेंट ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारीयों को नगरीय निकाय मे समायोजित करना उनकी पहली मांग है। उसके अलावा नगरीय निकाय मे कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारीयों को नियमित कर 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान करना दूसरी प्रमुख मांग है। तीसरी एवं अंतिम मांग मे उन्होने ने बताया कि नगरीय निकाय मे कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक ना किया जाये। अपनी इन तीनो मांग को लेकर नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी तीन दिनो की हडताल पर चले गये है। शासन प्रशासन की ओर से इन कर्मचारीयों की मांग या उन्हे मनाने की कोशिश नही की जाती है तो शहर मे गंदगी का अंबार लगने की संभावना जतायी जा रही है। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने मांग की है कि प्लेसमेंट कर्मचारीयों की मांग की ओर शासन को जल्द ही ध्यान देना चाहिये।।

### सर्वेक्षण,सभी पात्र बेरोजगारों को भत्ता दिलाने पहल करें:कलेक्टर

**बीजापुर 12 अप्रैल।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो में प्रगति लाने समय-सीमा के भीतर शतप्रतिशत सर्वे का कार्य पूर्ण कराने सर्वे के महत्व को लोगों तक पहुंचाने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। वहीं नामजद नोडल अधिकारियों को पंचायतवार अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक'-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो की प्रगति का निरीक्षण करने प्रगणक दलों को आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए।शासन की महत्वपूर्ण योजना बेरोजगारी भत्ता प्रदाय योजना के क्रियान्वयन करते हुए जिले के सभी पात्र अभ्यर्थियों की योजना से लाभान्वित करने सुदूर क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार मुनादी इत्यादि के द्वारा योजना से अवगत कराकर लाभान्वित करने का प्रयास करने एवं आवेदन करने हेतु मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहित करने को कहा।

# 14 अप्रैल को ग्राम सभा,महत्वपूर्ण बिंदुओं पर होगी विशेष चर्चा

**बीजापुर 12 अप्रैल।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 6 में निहित प्रावधानों के अनुसार 14 अप्रैल 2023 को ग्राम आयोजित ग्राम सभा में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा करने हेतु मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए है। जिसके अर्न्तगत ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन। पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन की जाये। पिछली छःमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जाये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से संबंधित जिलों की ग्राम पंचायतों में रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जाये। ग्राम गौठानों के प्रबंधन एवं संचालन के संबंध में चर्चा। सुराजी ग्राम योजना के तहत नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी से संबंधित कार्यो की प्रगति के संबंध में चर्चा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही किया जाये।जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नियमों के नामों का वाचन किया जाय। मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा करना एवं उससे निपटने चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन करना एवं इस संबंध में जागरूकता फैलाना। सामाजिक- आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के संबंध में चर्चा किया जाय एवं सर्वेक्षण में व्यापक भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाय। उपरोक्त बिन्दु सभी ग्रामसभाओं के लिये लागू होगा, इसके अतिरिक्त अनुसूचित क्षेत्र संविधान के पांचवी अनुसूची अंतर्गत शामिल अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभाओं में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा किया जाए।



### आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ ने बिरनपुर में युवक की हत्या की घटना की निंदा की है। महासंघ के अध्यक्ष शेखर वर्मा, महासचिव मनीष टिंकरिहा, कोषाध्यक्ष ललित साहू सहित दिलीप टिकरिहा, मनीष साहू, करण भारद्वाज, कुबेर चंद्राकर पुनारद निषाद राजेश देवांगन ने कहा है कि इस तरह की घटना बर्दास्त नहीं की जाएगी। महासंघ ने छत्तीसगढ़ बंद को समर्थन दिया था। छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा बंद को समर्थन न देना दुर्भाग्यजनक था। महासंघ मृतक के परिजनों के साथ खड़ा है। आरोपियों को कड़ी साजा दी जानी चाहिए।

# ब्लॉक पंचायत सचिव संघ हो गया दो फाड़

## प्रांताध्यक्ष व जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से असन्तुष्ट हो अलग होने का लिया फैसला

**वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव संघ बना 14 सचिव हड़ताल में शामिल नहीं**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 12 अप्रैल।** एक ओर प्रदेश के सभी ब्लॉक के सचिव अपनी माँगो को लेकर हड़ताल पर डटे हुए है वहीं दूसरी ओर डोंगरगढ़ ब्लॉक के सचिव संघ के दो फाड़ हो जाने की चर्चा सामने आई है. बताया गया कि जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत लगभग 90 सचिव प्रदेश पंचायत सचिव संघ के बैनर तले शामिल हो कर हड़ताल पर थे परंतु डोंगरगढ़ ब्लाक के 14 सचिवों ने वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव संघ के नाम से अपना अलग संघ बनाते हुए हड़ताल में शामिल ना होकर कार्य कर रहे है. प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के पदाधिकारियो से चर्चा में बताया गया कि विष्णु भगत, दिलीप वर्मा, चंद्रकुमार निर्मलकर, रोहित रजक, राम दीवान, जयराम वर्मा, कुंभलाल डहरे, केदान सिन्हा, मोतीलाल देवांगन, उमेंद्र वर्मा, शशि कुमार साहू, हिरेंद्र निषाद, राजकुमार वर्मा सहित दिलीप वर्मा ने प्रदेश सचिव संघ को ठेंगा दिखाते हुए धोखेबाजी करते हुए हड़ताल से बाहर होकर कार्य किया जा रहा है जिसका खामियाजा उन्हें आने वाले वक्त में प्रदेश स्तर पर निर्णय लिया जायेगा. सचिव संघ के राजाराम उईके ने कहा कि प्रदेश पंचायत सचिव के निर्देश पर हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे है और कुछ विरोधियों के द्वारा हड़ताल को समाप्त कर संघ को तोड़ने व झुकाने का प्रयास किया जा रहा है पर हम डटे रहेंगे. जब तक सांस है तब तक आस है. जो 14 साथियों ने अपना अलग संघ बना धोखा दिया गया है उन्हें संघ से निष्काषित कर प्रदेश स्तर पर उनके खिलाफ शिकायत भेजी जायेगी.

### वरिष्ठ सचिवों को तवज्जो नहीं दी जाती- उमेंद्र वर्मा

वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव संघ के वर्तमान अध्यक्ष उमेंद्र वर्मा ने इस विषय पर दूरभाष पर बताया गया कि मोहला, मानपुर, खैरागढ़ सहित डोंगरगढ़ के वरिष्ठ सचिव प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांताध्यक्ष तुलसी साहू व जिलाध्यक्ष रामदुलार साहू की कार्य प्रणाली से असन्तुष्ट रहे है. आरोप लगाते हुए कहा गया कि 03 वर्षो के कार्यकाल में इन पदाधिकारियों ने वरिष्ठ सचिवों को बिना विश्वास में लिए कार्य करते आए है और वरिष्ठों को कोई तवज्जो नहीं दी गई जिसके कारण अलग संघ बनाने का फैसला लिया गया.

### हम कभी हड़ताल में शामिल ही नहीं हुए. हमें सरकार के ऊपर पूर्ण भरोसा है.

वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव संघ डोंगरगढ़ के एक सदस्य ने दूरभाष पर चर्चा के दौरान बताया गया कि हम तो कभी हड़ताल में शामिल ही नहीं हुए हालाँकि प्रांतीय सचिव संघ के आव्हान का निर्देश था कि 14 मार्च से हड़ताल प्रारम्भ कर दें परंतु डोंगरगढ़ इकाई 21 मार्च से हड़ताल में बैठी है. हमने जनपद सीओ को पूर्व में ही पत्र लिख अवगत करा दिया था कि हमें हड़ताल में शामिल नहीं होकर पंचायत का कार्य सुचारु रूप से कर अपनी जिम्मेदारी निभानी है. हमें सरकार के ऊपर पूर्ण भरोसा है कि देर सवेर हमारी माँगो को पूरा किया जायेगा.

## सांसद विधायक ने दरचुरा में नवनिर्मित कर्मा भवन का किया लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 12 अप्रैल।** विकासखण्ड सिमगा के ग्राम पंचायत दरचुरा में साहू समाज द्वारा आयोजित मां कर्मा जयंती के अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी एवं क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । अतिथियों ने नव निर्मित कर्मा भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित साहू समाज के लोगों को सांसद सुनील सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें संगठित रहने की जरूरत है क्योंकि हमारे प्रदेश में धर्मांतरण और मतान्तरण का गंदा खेल खेल जा रहा है । समाज के बड़े बुजुर्गो से मैं निवेदन करता हूं कि आप अपने युवा वर्ग के बच्चों की ओर ध्यान दें कि वे धर्मांतरण एवं मतान्तरण के चक्कर में तो नहीं पड़ रहे हैं । हमारे छत्तीसगढ़ में टोपी और दाढ़ी वाले बाहरी लोग काफी संख्या में आप लोगों के आसपास घूम रहे हैं। अपराधियों को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षित राज्य लगता है जहां खुलेआम किसी की भी हत्या लूटपाट चोरी डकैती यह आम बात हो गई है । कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है । वहीं केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश की जनता के लिए 210 प्रकार की जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है जिससे कि लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति हो सके । कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने आराध्य की जयंती मनाते हैं लेकिन उनके जीवनी के बारे में भी जानने की हमको जरूरत है। मां कर्मा को छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरण पूरे देश में पूजा जाता है। मां कर्मा भक्त शिरोमणी , त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू समाज की आराध्य देवी की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से सैकड़ों वर्षो से चली आ रही है।

## एक नजर



**तिल्दा नेवरा 12 अप्रैल।** ग्राम नेवारी में रामायण प्रतियोगिता का कार्यक्रम में पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी का भव्य स्वागत ग्रामीणों ने किया। इस अवसर पर। ग्रामीणों की समस्या भी सुनी ब अपने विचार व्यक्त किया।

### मां दंतेश्वरी के दर्शन कर मंदिर में माथा टेका गिडलानी ने



**तिल्दा नेवरा 12 अप्रैल।** जगदलपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम मंडल के अध्यक्ष गिरीश देवांगन व छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम मंडल के अध्यक्ष आदरणीय रामगोपाल अग्रवाल के साथ सिंधी akadmn अध्यक्ष राम गिडलानी ने दंतेवाड़ा के माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुँचकर दर्शन किया इस वक्त छत्तीसगढ़ के नेता बस्तर प्रवास पर है।

### जिला पंचायत सीईओ ने गौधन न्याय योजना का लिया जायजा

**बलौदाबाजार,12 अप्रैल।** जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा आज सिमगा विकासखंड के ग्राम मटिया में पहुँचकर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण,गौधन न्याय योजना सहित विभिन्न निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौठान में पहुँचकर गौधन न्याय योजना एवं आजीविका गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की है। श्री वर्मा ने महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों के साथ मुलाकात कर उनके गतिविधियों एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी हासिल करतें हुए उनके कार्य मे गुणवत्ता लाने के लिए प्रेरित किए है। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणक दलों को सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य को त्रुटि रहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग,सर्वे की प्रक्रिया,मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है इस कार्य को पूर्ण करने के लिए जिले में 169 सुपरवाइजर एवं 875 प्रगणक की ड्यटी लगाई गई है। साथ ही ग्रामवासियों को सर्वेक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की।सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य 1अप्रैल से जिले के सभी जनपद पंचायतों में प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर सभी अधिकारी फील्ड में उतरकर सर्वेक्षण कार्यो का जायजा ले रहे है। इसके लिए सभी सीईओ,सीएमओ, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा के के साहू,सिमगा सीईओ अमित दुबे उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,12 अप्रैल।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 6 अप्रैल 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में मोहन लाल ध्रुव पिता डोमार सिंग ध्रुव, निवासी ग्राम चरौदा, तहसील पलारी,गोवर्धन निषाद पिता सुकालू निषाद, निवासी ग्राम टीला, तहसील पलारी एवं सुकलहीन निषाद पिता रंजनदास निषाद, निवासी ग्राम कुकुरदी, तहसील बलौदाबाजार शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई थी।

# 10 लाख रुपये के मगंल भवन का सासंद,विधायक ने किया भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 12 अप्रैल।** सिमगा के शंकर नगर में 10 लाख रुपये के मगंल भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सासंद सुनील सोनी व क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा का नारायण निषाद के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया ।

पंडित राजेश चतुर्वेदी ने विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ भूमिपूजन संपन्न कराया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छ. ग के लिए दुख की बात है कि अपराधियों को लग रहा है कि यहां उनकी सरकार है । भूपेश बघेल कहते है कि लोग शराब पीना बंद कर देंगे तो तो शराब अपने आप बंद हो जायेगा । लेकिन भूपेश बघेल सून लो अगर जनता तुमको वोट नहीं देगी तो तुम्हारी भी दुकान बंद हो जायेगी । ये सरकार स्मार्ट सिटी का पैसा खा गई है मोदी जी ने कहा कि जो देश प्रदेश का पैसा लूटेगा उसे नहीं छोडूंगा इसलिए ईडी कासमिति के सभी छापा पड़ रहा है । कांग्रेसियों को अगर अगर कानून व्यवस्था देखना है तो उत्तर प्रदेश जाये यंहा टोपी वाले दाढ़ी वाले लोग काफी दिख रहे है । जिसकी जांच पड़ताल होनी चाहिए । वहीं विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि एस डी ओ व्यवहार न्यायालय बीएससी कॉलेज नल जल योजना आदि बड़े काम भाजपा के कार्यकाल में कराए गए हैं वही आपके नगर में विकास कार्य हेतु पांच करोड़ रुपए का ठेका एक ठेकेदार ने लिया पर काम चालू नहीं किया जिसके चलते वह पैसा वापस हो गया वहीं प्रधानमंत्री आवास बनाने में छत्तीसगढ़ सबसे पीछे है । भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के लोगों को ठगने का कार्य कर रही है साथ हिंदू समाज को प्रताड़ित करने का काम लिए कर रही है धर्म की रक्षा के लिए हमें जागृत होने की जरूरत है ।

कार्यक्रम में प्रमुख से अनिल पांडे खोरबाहरा निषाद पार्षद संतोषी निषाद परस पाटकर धर्मेन्द्र पाटकर भक्कू यादव दिनेश निषाद कन्हैया निषाद अरूण गौतम हीरा निषाद बनवारी पटेल फगवा निषाद सहित जय मां दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य सहित आदि लोग उपस्थित थे ।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का सुनील माहेश्वरी ने कामता में किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 12 अप्रैल।** ग्राम कामता में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का निरीक्षण प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने किया। एक अप्रैल 2023 से चलाए जा रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 अभियान के अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से सर्वेक्षण का कार्य भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम कामता में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। श्री माहेश्वरी ने बताया कि भूपेश बघेल की सरकार प्रदेश में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण हर गांव में करवा रही है। अब तक 2011 से पहले हुए सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर आवास और दूसरी सुविधाएं दी जा रही थी। इसके कारण जो वास्तविक गरीब हैं उन तक योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। इस बात की जानकारी होने पर प्रदेश की जनहितैषी सरकार ने वास्तविक गरीब को आवास मिले इसके लिए 30 अप्रैल तक सर्वे करवा रही है। इस सर्वेक्षण में हर घर में व्यक्ति की आय, खेती-बाड़ी, आमदनी, गाड़ी और दूसरी सभी जानकारी जिससे आर्थिकी का पता चले पूछा जा रहा है। उन्होंने इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीति करने के लिए आवास का मुद्दा उठा रही है। प्रधानमंत्री आवास चाहे तो भाजपा के लोग सीधे दे सकते हैं, उनके पास जनधन खाता की जानकारी है, हितग्राही के खाते में सीधे राशि भुगतान कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं करेंगे, वह राजनीति के लिए यहां विरोध कर रहे हैं। जबकि राज्य की भूपेश बघेल सरकार हर तरह की सुविधा देने तत्पर रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक 400 व्यक्ति पर एक टीम तैनात की गई है। कामता की आबादी ज्यादा है इसलिए प्रशासन से यहां पर एक और सर्वे टीम तैनात करने की मांग करेंगे, जिससे यहां के निवासियों का जल्द से जल्द सर्वे पूरा हो जाए।

श्री माहेश्वरी के पूछे जाने पर सर्वेक्षण कर रही टीम के सदस्य अतिश कुमार साहू ने बताया कि परिवार के मुखिया के परिचय पत्र खासकर राशन कार्ड, किसान पंजीयन के आधार पर ब्यौरा दर्ज की जा रही है। इसके आधार पर परिवार की आर्थिक स्थिति का पता चल जाता है। खास कर उसके मालिकाना हक में कितना हेक्टेयर जमीन है। सर्वेक्षण में बच्चों के स्कूल जाने से लेकर हर बड़ी-छोटी जानकारी दर्ज की जा रही है। इसे पहले ऑफलाइन और उसके बाद उसे ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। इसलिए जिस भी घर में सर्वे टीम पहुंचे उसे परिवार के लोग पूरी जानकारी दें।


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र....... ब/121 वर्ष 2022-23

ग्राम-भाटापारा तह भाटापारा

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदक संतराम यदु पिता चैतराम यदु निवासी गांधीमंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पिता आशाराम यदु वल्द अभयराम यदु की मृत्यु दिनांक 16/06/1998 (स्थान) गांधीमंदिर वार्ड भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु नगर पालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक25/4/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 25/4/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/3/23 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)



**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./क्रय 5444 रायपुर दिनांक 10/04/2023

**''ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना''**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के लिए डी. एस. ए. के लिए डिस्पोजेबल आयटम एवं अन्य सामग्रियां क्रय करने हेतु ऑन लाईन निविदा क्रमांक 127530 आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 127530 में देखा जा सकता हैं ।

| | |
|---|---|
| BID SUBMISSION START DATE | 13 APR, 2023 5:30:00 PM IST |
| BID DUE DATE | 15 MAY, 2023 12:00:00 PM IST |
| PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE | 15 MAY, 2023 12:30:00 PM IST |
| BID OPEN DATE (SCHEDULED) | 15 MAY, 2023 1:00:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय

जी-00094/4 रायपुर ( छ. ग. )



**NOTICE U/S, 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT.**

Notice is hereby given that pursuant to re-constitution of the partnership firm "M/s. AAKAR CONSTRUCTION" on 1st day of April, 2023. Shriniwas Rao has retired from the partnership firm and Shri Ajitabh Mishra and Mamta Mishra is the continuing partners.

For, AAKAR CONSTRUCTION PARTNER

Place: Raipur (C.G)
Dated: 01.04.2023



**कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्रमांक 20/ स्वा.विभाग/2023-24 राज. दिनांक 06/04/2023

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में नीचे दर्शित वार्डों की सफाई ठेका कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | (अनुमानित प्राक्कलन राशि) 12 माह के लिए | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.41 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट(श्रमिक-15 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा) | 17,92,440/- | 09-05-2023 |
| 2 | वार्ड क्र.42 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट(श्रमिक-09 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा) | 10,75,464/- | ------//----- |
| 3 | वार्ड क्र.44 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट(श्रमिक-12 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा) | 14,33,952/- | ------//----- |
| 4 | वार्ड क्र.46 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट(श्रमिक-10 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा) | 11,94,960/- | ------//----- |
| 5 | वार्ड क्र.47 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट(श्रमिक-09 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा) | 10,75,464/- | ------//----- |
| 6 | वार्ड क्र.51 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट(श्रमिक-08 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा) | 9,55,968/- | ------//----- |

उपरोक्त सफाई ठेका कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के स्वास्थ्य विभाग एवं वेबसाईड www.mcrjn.com&http//www,uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधित, शुद्धिकरण एवं अमेंडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव


## नवाज ने ली व्यापारियों की बैठक

# परमारबाड़ा से कालकापारा अंडरब्रिज खुलवाने 16 को होगा रेल रोको आंदोलन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 12 अप्रैल।** शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली मार्ग परमारबाड़ा से कालकापारा अंडरब्रिज को शुरू करने की मांग को लेकर आगामी 16 अप्रैल को रेल रोको आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है । उक्त आंदोलन की रूपरेखा बनाने के लिए मंगलवार को न्यू रेस्ट हाउस में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक ली जिसमें गुरविंदर सिंह भाटिया ,वीरेंद्र सोनी मारुति ,राजा बंसल ,विनायक राव ,राजा छाबड़ा ,मिंटू सिंगई , हेमू सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे । बैंक अध्यक्ष श्री नवाज ने कहा कि नवरात्रि के पूर्व कालका पारा अंडरब्रिज को शुरू करने के लिए जिला कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से डीआरएम नागपुर को मां बमलेश्वरी देवी चैत्र नवरात्रि पर्व हेतु दर्शनार्थियो/ आम नागरिकों के लिए आग्रह किया गया था तब कुछ दिनों के लिए उक्त अंडरब्रिज खोला भी गया था जिसे मेला समाप्ति के बाद रेलवे द्वारा मिट्टी डाल कर पुनः बंद कर दिया गया है, जिससे रेलवे के दुसरे छोर कि ओर के वार्ड नंबर 6, 7 ,8 ,9, 10 ,11 के नागरिको को आवागमन में बहुत असुविधा हो रही है रेल प्रशासन प्रशासन ने गलत तरीके से शहर को जोड़ने वाले अंडरब्रिज को शुरू करने के बाद गंदी राजनीति के चलते बंद कर दिया है रेलवे द्वारा नगर विरोधी कार्य हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उन्होंने रेल प्रशासन को सख्त तौर पर हिदायत देते हुए कहा कि 14 अप्रैल के पूर्व कालकापारा अंडरब्रिज यदि शुरू नहीं किया गया तो 16 अप्रैल को विशाल जनसमूह के साथ रेल रोको आंदोलन किया जाएगा जिसकी समुची जवाबदारी रेल प्रशासन की होगी । ज्ञात हो कि क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल द्वारा भी सोमवार को उक्त समस्या को लेकर मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के नाम रेलवे सहायक मंडल इंजीनियर ( ए ई एन ) को एक ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें विधायक श्री बघेल ने भी रेलवे के अधिकारियों से उक्त अंडरब्रिज को खुलवाने की मांग रखी और उन्होंने भी 14 अप्रैल के पूर्व परमारबाड़ा से कालकापारा अंडरब्रिज नहीं खोलने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी थी आज तीसरे दिन भी जनप्रतिनिधि द्वारा रेलवे के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है जिससे नगरवासियों में रेल प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश धीरे-धीरे रौद्र रूप लेता जा रहा है ।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

निविदा क्रमांक 01/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.या.वि./2023./ कांकेर/दिनांक 10.04.2023

**-::मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :-** उत्तर बस्तर कांकेर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के शासकीय भवन/शालाओं में 150 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे नलकूपों का डी. टी. एच. ड्रिलिंग रिंग द्वारा खनन् एवं उससे संबंधित कार्य ।

| समूह क्र | शासकीय भवन / शाला का नाम | विकासखण्ड | नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | छ.ग. स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन शाखा भानुप्रतापपुर | भानुप्रतापपुर | 1 | 1.00 | |
| 02 | शा.उ.मा.वि.कोडे | दुर्गूकोन्दल | 1 | 1.00 | |
| 03 | स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चारामा | चारामा | 1 | 1.00 | 17.04.2023 |
| 04 | शा.उ.मा.वि.धनेलीकन्हार | कांकेर | 1 | 1.00 | |
| 05 | शा.उ.मा.वि. गोडाहूर | कोयलीबेड़ा | 1 | 1.00 | |
| 06 | शा. हाई स्कूल आमागढ़ | दुर्गूकोन्दल | 1 | 1.00 | |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की समान्य शर्ते अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कांकेर

जी- 00096/3 जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना

## देश में पहली बार

## बड़े पैमाने पर सभी वर्ग के किसानों की पड़त भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण




- सभी 33 जिलों में 23,600 किसानों द्वारा 36,230 एकड़ भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण प्रारंभ किया जाएगा
- देश में पहली बार चिन्हित प्रजातियों के वृक्षों की निर्धारित न्यूनतम क्रय मूल्य पर खरीदी की गारंटी
- 5 वर्षों में लगभग 1.80 लाख एकड़ में रोपण का लक्ष्य
- काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा
- किसानों को प्रति वर्ष प्रति एकड़ 50,000 रुपए तक की आय
- कार्बन क्रेडिट के माध्यम से अतिरिक्त आय की संभावना

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें**

अपने नजदीकी वन विभाग कार्यालय | या | टोल फ्री नंबर 180-023-37000

## छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23